वर्ष- 21 अंक - 346 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 1 जून 2026

# आईपीएल फाइनल हारने वाली गुजरात टीम बाल-बाल बची





## स्टेडियम से होटल लौटते समय बस हुई धुआं-धुआं

अहमदाबाद ● एजेंसी

**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 फाइनल में मिली हार के बाद गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के साथ एक बड़ा हादसा टल गया। टीम को लेकर होटल लौट रही बस में शॉर्ट सर्किट होने से वाहन बीच रास्ते खराब हो गया, जिसके बाद खिलाड़ियों और स्टाफ को तुरंत बस से बाहर निकालना पड़ा।**

बस में तकनीकी खराबी आने के बाद अंदर धुआं फैलने लगा। स्थिति को देखते हुए टीम प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों ने खिलाड़ियों व सपोर्ट स्टाफ को सुरक्षित तरीके से बस से बाहर निकाला। घटना के बाद पूरी टीम कुछ समय तक सड़क किनारे इंतजार करती रही। बाद में दूसरी बस की व्यवस्था की गई, जिसके जरिए खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को होटल पहुंचाया गया।

## इंदौर आ रही बस में भी आग

**ग्वालियर से इंदौर जा रही एक स्लीपर वीडियोकोच बस में रविवार रात आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर पनिहार रेलवे स्टेशन के पास अचानक भीषण आग लग गई। चलती बस से आग की ऊंची लपटें उठती देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय बस में करीब 45 यात्री सवार थे।**

## ममता के 60 विधायक गायब, बैठक रद्द

**कोलकाता.एजेंसी। बंगाल में ममता की हार के बात उनकी पार्टी के नेता भाग रहे हैं। इस दौरान ममता की पार्टी तृणमूल के नेताओं पर हमले भी हुए। इसके बाद उस वक्त ममता की बुरी फजीहत हुई जब ममता द्वारा बुलाई गई नए विधायकों की बैठक में 80 में से सिर्फ 20 विधायक ही पहुंचे। इस कारण यह बैठक रद्द करना पड़ी।**

## आंधी-तूफान के बीच पेड़ दीवार गिरने से दो की मौत

**सोमवार.एजेंसी। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में देर रात को आंधी-बारिश के दौरान सड़क किनारे बने प्रतीक्षालय पर पेड़ गिरने से महिला की मौत हो गई। जबकि उसके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर उत्तरप्रदेश के इटावा में आंधी-तूफान से दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया।**

## दूसरे दिन भी उठा रेत का डरावना बवंडर, आसमान हुआ लाल

**जैसलमेर.एजेंसी।** राजस्थान के जैसलमेर में रविवार को लगातार दूसरे दिन भी भीषण रेत के तूफान ने जनजीवन को प्रभावित किया। तेज हवाओं के साथ उठी रेत की विशाल दीवार ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दिन के समय भी अंधेरे जैसा माहौल बन गया। तूफान के दौरान आसमान लाल रंग का दिखाई देने लगा और कई इलाकों में दृश्यता लगभग शून्य हो गई।





## विस्फोटकों से भरी इमारत में धमाका, 55 मरे

**सोमवार.एजेंसी।** म्यांमार में चीनी सीमा के पास एक गांव में विस्फोटकों से भरी इमारत में धमाका होने से 55 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए।

### 6 महीने में दोगुना हो गए कमर्शियल सिलेंडर के दाम

# इंदौर में 1600 का सिलेंडर 3200 के पार पहुंचा

**सोमवार.एजेंसी।** आज जून का महीना शुरू होते ही तेल कंपनियों ने महंगाई का एक और बम फोड़ दिया। 19 किलो वाले एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 42 रुपए की और 5 किलो वाले सिलेंडर में 11 रुपए की मूल्य वृद्धि की गई। कमर्शियल सिलेंडर दिल्ली में अब 3113.50 रुपए हो गया। जबकि 5 किलो वाला सिलेंडर 821 रुपए के पार हो गया। मध्यप्रदेश में कमर्शियल सिलेंडर करीब 44 रुपए महंगा हुआ है। इंदौर में यह सिलेंडर अब 3222 का हो गया। जनवरी महीने से अब तक 7 बार कमर्शियल सिलेंडर के भाव बढ़ चुके हैं।



दिल्ली में जनवरी में 19 किलो के व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत 1,691.50 रुपये थी। फरवरी में 49 रुपये, मार्च में 115 रुपये, अप्रैल में 195.50 रुपये और मई में प्रति सिलेंडर कीमतों में चौंका देने वाली 993 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। पिछले छह महीनों में बार-बार कीमतों में संशोधन के बाद, अब दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 3,113.50 रुपये हो गई है। जनवरी के भाव के मुताबिक कमर्शियल सिलेंडर की कीमत करीब 2 गुना हो गई।

## न्यूज ब्रीफ...

### डूबी सड़क पर पुलिस ने दिव्यांग युवक को कंधे पर उठाकर रास्ता पार कराया

**बेंगलुरु.एजेंसी।** बेंगलुरु के ब्यातरायणपुरा इलाके में तेज बारिश के कारण सड़क पूरी तरह से पानी में डूब गई। इसी दौरान एक दिव्यांग युवक सड़क पर भरे पानी में फंस गया। ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक कॉन्स्टेबल अनिल कुमार की नजर जब उस युवक पर पड़ी, तो उन्होंने दिव्यांग युवक को कंधे पर उठाकर रास्ता पार कराया।

### ईरान ने कुवैत पर किया मिसाइल अटैक

**सोमवार.एजेंसी।** ईरान ने आज सुबह-सुबह कुवैत पर बड़ा अटैक करते हुए मिसाइल और ड्रोन की बौछार की, जिसके बाद पूरे देश में सायरन बज रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत फैल गई है और सुरक्षित जगहों की ओर दौड़ पड़े। इस बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने अपने इस्तीफे की खबर का खंडन किया है।

### शुभेंदु सरकार में आज 35 नए मंत्रियों की शपथ

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद आज शुभेंदु कैबिनेट का विस्तार किया जा रहा है, जहां 35 मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। ये शपथ ग्रहण समारोह राजभवन नबान्न में आयोजित किया जाएगा। 9 मई को बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शपथ ली थी। आज शपथ लेने वाले मंत्रियों में टीवी सीरियल महाभारत में द्रौपदी का रोल निभाने वाली रूपा गांगुली का नाम भी है।

### मप्र में आज से शुरू होगा तबादलों का दौर

**भोपाल.एजेंसी।** मध्यप्रदेश में आज से तबादलों का दौर शुरू हो जाएगा। 15 जून तक सभी विभाग अपने यहां स्वैच्छिक और प्रशासनिक आधार पर अधिकारी, कर्मचारी के तबादले कर सकेंगे। मोहन कैबिनेट ने 20 मई की बैठक में तबादला नीति को मंजूरी दी थी।

### कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री को फूलों से एलर्जी

**बेंगलुरु.एजेंसी।** कर्नाटक में सिद्धारमैया की जगह पर डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। सिद्धारमैया ने कुर्सी छोड़ दी है और अब 3 जून को शिवकुमार सीएम पद की शपथ लेंगे। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित है, जिसे देखते हुए शिवकुमार ने कहा कि उन्हें फूलों की माला न पहनाए, क्योंकि फूलों से एलर्जी है?

### आगर मालवा में बस स्टैंड के पास लगी भीषण आग

**आगर मालवा.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के आगर मालवा में देर रात बस स्टैंड के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की गुमटियों व दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों में ऑटो पार्ट्स समेत कई दुकानों का लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।

# विजयवर्गीय ने भार्गव से कहा कार्तिक जोशी को दो सम्मानस्वरूप 11 लाख

## 4200 किलोमीटर दौड़ने वाले जोशी का सम्मान, एक साथ दौड़ राजवाड़ा से दशहरा मैदान तक हुई

### यागिनक बोले और भी बच्चों को मिलना चाहिए सहायता, मंत्री बोले तुम्हारे पास पाथवे है वहां से लो सीएसआई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





इन्दौर के कार्तिक जोशी लम्बी दौड के लिए महारथ रखते है। जोशी 55 दिनों में 4200 किलोमीटर की कारगिल से कन्याकुमारी की दौड़ पर निकले है और वे अपने गृह क्षेत्र इन्दौर पहुंचे तो उनका आज राजबाडा पर नागरिक अभिनंदन किया गया। आज सुबह राजवाड़ा पर शहरभर के धावक, खेल प्रेमी और प्रबुद्ध नागरिक एकत्रित हुए। सम्मान के बाद अतिथियों ने हरी झंडी दिखाई और एक साथ दौड़ की शुरुआत हुई। यह दौड़ राजबाडा से प्रारम्भ होकर दशहरा मैदान तक हुई। इसके पूर्व आज राजवाड़ा पर कार्तिक जोशी के सम्मान के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जोशी को गले लगाकर बधाई भी दी और महापौर पुष्यमित्र भार्गव से कहा तत्काल नगर निगम से 11 लाख रु. कार्तिक जोशी के अकाउंट में डलवाओं मैं यह राशि भोपाल से भिजवा दूंगा, तभी समीप खड़े नीरज यागिनक ने कहा कि और भी कई बच्चे ऐसे हैं उनकी आर्थिक मदद होना चाहिए। राजनीति के मंजे खिलाड़ी कैलाश विजयवर्गीय ने तत्काल यागिनक को कहा कि आपके पास पाथवे के मालिक विजय अग्रवाल है आप उनके माध्यम से बच्चों की मदद कराए, उनसे सीएसआर लो और एक नहीं कई बच्चों की मदद करो। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने साइक्लिस्ट प्रीति खंडेलवाल का भी सम्मान किया। इस दौरान परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला भी मौजूद रहे।



### भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग में भी पहुंचे थे मुख्यमंत्री

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर और जिला भाजपा ने दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन अलग-अलग जगह पर किया। दोनों ही जगह समापन के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे और उन्होंने अपना सार्थक उद्बोधन भाजपाइयों के समक्ष प्रस्तुत किया। यादव ने जिला भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में कहा भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति का एक महत्वपूर्ण अंग प्रशिक्षण शिविर है। नगर के प्रशिक्षण वर्ग में भी मुख्यमंत्री ने सार्थक उद्बोधन दिया। सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रदेश प्रभारी भी मौजूद रहे।

# न्यायमूर्ति द्वय को दिया गया गौरव सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर कल जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। 150 कलाकारों ने वन्दे मातरम का सामूहिक वादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में कार्यक्रम गांधी हॉल में आयोजित किया गया। देश भक्ति के गीतों की भी प्रस्तुति हुई। भजन, जेमिंग मेले का आयोजन हुआ। न्यायमूर्ति द्वय श्री हिमांशु जोशी और श्री आनंदसिंह बहरावत को अहिल्या गौरव सम्मान दिया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सम्बोधन भी दिया। भजनों की प्रस्तुति भी हुई। फोटोग्रापी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारी, कई राजनेता और माँ अहिल्या के अनुयायी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। महापौर ने निगम की उपलब्धियां बताई।

# मुख्यमंत्री ने राजवाड़ा पर किया नाश्ता, चाय भी पी

### भुगतान भी किया





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल राजवाड़ा पहुंचकर माँ अहिल्या की प्रतिमा पर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माँ का पूजन अर्चन कर माल्यार्पण किया था और वहां से वे राजवाड़ा पर स्थित चाय-नाश्ता की दुकान पर पहुंचे और वहां पहले से मौजूद लोगों के बीच बैठकर चाय-नाश्ता किया। यहां तक कि आम लोगों से चर्चा भी की, बच्चों से बात भी की। मुख्यमंत्री का यह सरल हाव-भाव हर किसी को पसंद आया। महत्वपूर्ण बात यह थी कि जिस तरह से ग्राहकों को चाय-नाश्ता दिया जाता है उसी शैली में मुख्यमंत्री ने कागज के डिस्पोजल में चाय पी और कागज की प्लेट में ही नाश्ता भी किया और चाय-नाश्ता के बाद दुकान पर भुगतान भी किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। अधिकारी भी पूरे दृश्य को देखते रहे।

# यादव ने किया ट्रैफिक साथी एप का शुभारंभ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



प्रदेश की पहली जिला ड्रोन यूनिट व ट्रैफिक मैनेजमेंट हेतु बनाई 'इंदौर ट्रैफिक साथी' ऐप का शुभारंभ डीआरपी लाइन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल किया। साथ ही बेहतर पुलिसिंग हेतु सीएसआर के तहत प्राप्त पुलिस मोबाइल वाहनों का लोकार्पण भी किया गया। पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया, अतिथि स्वागत भी किया। पुलिस द्वारा किए जा रहे अलग-अलग नवाचारों की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में पुलिस के प्रयास की सराहना की और कहा कि व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग आवश्यक है। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिस परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने जिम्मेदार से पूछा, कब ड्रेनेज लाइन का अवलोकन करोगे

**कई जगह ठेकेदार कर रहे हैं गड़बड़ी, कई जगह भाजपा पार्षद और नेता कर रहे हैं खेल**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान महापौर के कार्यकाल में डाली गई ड्रेनेज लाइन और डलने वाली ड्रेनेज लाइन के कार्य का अवलोकन कब जिम्मेदार करेंगे। द्विवेदी ने सीधा-सीधा महापौर परिषद सदस्य राजेन्द्र राठौर का नाम लेकर कहा कि उन्होंने एमआर-5 कुमेड़ी में डाली जा रही सीवरेज लाइन का अवलोकन कर काम कमजोर होने पर काम को रूकवाया। इसी पर द्विवेदी ने कहा कि इंदौर में जितनी ड्रेनेज लाइन डाली गई है और डल रही है उसका अवलोकन राठौर कब करेंगे और कब खराब काम पर काम रूकवाएंगे या फिर डल चुकी लाइनों पर ठेकेदार का भुगतान रूकवाएंगे। द्विवेदी ने कहा कि अभी भी वार्ड 15 के विद्या पैलेस कालोनी में, वार्ड 14 के अम्बिकापुरी एक्सटेंशन और पल्हर नगर में और वार्ड 13 के संगम नगर ए-सेक्टर में ड्रेनेज लाइन डाली जा रही है, इसी पर द्विवेदी ने कहा कि सभी जगह ड्रेनेज लाइन डालने में तय मापदंड का पालन नहीं हो रहा है। नीचे धूला बिछाकर ड्रेनेज पाइप लाइन डाली जा रही है। चेम्बर का प्लास्टर कहीं-कहीं बाहर से किया गया है, जबकि अन्दर भी होना चाहिए और जैसी सड़क, ड्रेनेज लाइन खोदने के पहले थी वैसी ठेकेदार को करके देना चाहिए। ठेकेदार ने सड़क भी ठीक नहीं की, प्लास्टर भी ठीक नहीं किए और जमीन का बेस भी कांक्रीट से नहीं किया। एक बार अवलोकन किया जाए और खराब काम को दंडित किया जाए। कागज पर अच्छे काम दिखाने के बजाए ठोस और मजबूत काम किया जाए, तत्काल ठेकेदारों का भुगतान रूकवाया जाए उनको ब्लेक लिस्ट किया जाए या फिर काम फिर से शुरू करवाया जाए। इसके लिए एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर को लगातार सूचीबद्ध होकर जहां-जहां ड्रेनेज लाइन के काम चल रहे हैं वहां सुबह और शाम दौरा कर निगरानी रखना चाहिए। हर जगह झोन से लेकर विभाग के अधिकारी और संबंधित ठेकेदार कम्पनी भी मौजूद रहे। अवलोकन करने के बाद कई बड़े खुलासे होंगे, कारनामे भी दिखेंगे। सीधा-सीधा द्विवेदी ने आरोप लगाया कि इस अवलोकन से भाजपा से जुड़े एवं पार्षद एवं नगर संगठन से जुड़े ठेकेदारों के चहेते इंजीनियरों के खेल समझ आयेंगे।

# तोड़फोड़ वाले मैदान में आई कांग्रेस

### क़ांग्रेस निकालेगी इसी पीडित वाले क्षेत्र में अधिकार यात्रा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



आरएनटी मार्ग छावनी में चौडीकरण के नाम पर कई फीट मकान तोडे गए। तोड़फोड़ में ज्यादा तोडफोड़ करने का आरोप भी लगाया गया। कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग, ब्लाक अध्यक्ष नीलेश सेन शेलू सहित अन्य कांग्रेसी इस तोडफोड वाले मैदान में व्यापारियों और रहवासियों को उनका अधिकार मिले, छावनी में मास्टर प्लान के नाम पर तोड़फोड़ को लेकर उचित मुआवजा दिया जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रजिस्ट्री होने के बाद भी अतिक्रमण कहकर बेवजह लोगों के मकान 1 फीट की जगह 15-15 फीट तक तोड़ दिए गए, नक्शे पास नहीं हो रहे हैं। चौकसे, गर्ग और सेन ने बताया कि इसी सप्ताह कांग्रेस मधूमिलन चौराहा से आरएनटी मार्ग और छावनी तक व्यापारियों और रहवासियों को साथ लेकर न्याय यात्रा निकालेगी। बडी संख्या में कांग्रेसियों को भी लिया जाएगा।

# कांग्रेस प्रभारी ने दिए राहुल धाकरे को फिर से ब्लॉक अध्यक्ष बनाने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस ने जब ब्लॉक अध्यक्ष बनाए थे उसमें शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने अपने समर्थक राहुल सिंह धाकरे को भी ब्लॉक अध्यक्ष बनाया था और ब्लॉक अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी पर बयान के आधार पर प्रदेश कांग्रेस ने धाकरे को ब्लॉक अध्यक्ष पद से हटा दिया था। इसी के बाद से धाकरे की नाराजगी थी, लेकिन चिंटू चौकसे लगातार प्रयास कर रहे थे कि धाकरे को फिर से ब्लॉक अध्यक्ष बनवा दिया जाए। कल भी धाकरे ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी और लिखा था कि जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ दमनकारी नीतियां चल रही है और कांग्रेस में चल रही अनुशासहीनता को अब खुलकर सबूतों के साथ सामने लाया जाएगा। संगठन में चल रही दोहरी मानसिकता और पक्षपात के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आवाज को बुलंद किया जाएगा। कल से दिख रहे राहुल धाकरे के कड़े रूख के बाद आज शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी से चर्चा की और राहुल धाकरे को ब्लॉक अध्यक्ष बनाने की गुहार की। चौकसे के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने आज चिंटू चौकसे से कहा कि तत्काल राहुलसिंह धाकरे को वापस ब्लॉक अध्यक्ष बनवाया जाए मैं इसके लिए निर्देशति भोपाल संगठन को करता हूं, इससे लगता है कि जल्द ही राहुल धाकरे ब्लॉक अध्यक्ष बन जाएंगे और उनकी नाराजगी भी खत्म हो जाएगी।



## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माता अहिल्या की जयंती पर निरंतर सेवा सेतु संगठन ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। हिमांशु यादव, शैलेष त्रिपाठी, संजय तीसगांवकर, आशीष शुक्ला ने यह शिविर द्वारकापुरी के बड़ा बगीचा में आयोजित किया। बड़ी संख्या में लोगों ने चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। डॉ पीयूष शर्मा, डॉ मिदुल लोधा, डॉ आयुषी अग्रवाल, डॉ संगीता यादव, डॉ विनय परिहार, डॉ प्राची सिंह के साथ टीम ने सेवाएं दी। पार्षद गुरजीत कौर, सतनामसिंह खनूजा, मोहितानन्द महाराज, सरिता तिवारी, रवि वर्मा, अजय भट्ट, अंतरसिंह राजपूत, नितिन यादव, महेश चुघ, संदीप सोनी उपस्थित थे।

## विधानसभा 4 प्रभारी के लिए लिखा पटवारी को पत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कांग्रेस के पूर्व संभागीय प्रवक्ता सन्नी राजपाल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखकर विधानसभा 4 में दो में से किसी एक नेता को प्रभारी नियुक्त करने की मांग की। पत्र में लिखा कि मैं भी विधानसभा 4 का रहवासी होकर मतदाता हूं।

विधानसभा 4 में संगठन की कुछ कमजोरी और भाजपा धर्म की राजनीति के कारण हम लगातार विधानसभा चुनाव 4 में जीत नहीं पा रहे हैं और जनता तक अपनी बात पहुंचा नहीं पा रहे हैं। वर्तमान में कांग्रेस की मीटिंग में धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन में जिस तरह से भीड़ उमड़ रही है उससे लगता है कि आने वाला दिन कांग्रेस का है। इंदौर विधानसभा 4 में भी प्रभारी के रूप में अनुभवी और संघर्षशील नेता की आवश्यकता है जो बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत कर सके। इसके लिए पटवारी को दो नाम पूर्व प्रभारी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा और कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव के नाम सुझाए हैं। इन दोनों ही नेताओं की पत्र में महिमा मंडप भी की गई है। यह दोनों वर्तमान स्थिति में कांग्रेस संगठन को विधानसभा 4 में मजबूत कर सकते हैं, जबकि पूर्व में सुरजीतसिंह चड्ढा 4 नम्बर का प्रभार अध्यक्ष रहते भी निभा चुके हैं। वर्तमान 4 नम्बर में प्रभारी शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग को बना रखा है। इस मामले में पत्र में यह भी लिखा गया कि वर्तमान में जो प्रभारी शैलेष गर्ग बने हुए हैं वे विधानसभा 3 में चुनाव लड़ना चाहते हैं। राजपाल ने कहा कि शैलेष गर्ग का कहना रहा कि मुझे जबर्दस्ती बना रखा है, मेरे अलावा कोई विकल्प नहीं था, इसलिए मेरा तो विधानसभा 4 में कोई इंटरेस्ट नहीं है। इस मामले में राजपाल ने पत्र में लिखा कि एक बार आप आपके गृह क्षेत्र के विधानसभा 4 के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लें और उनसे चर्चा कर उनका मत भी ले लें।

## पटवारी ने की पुतला नहीं जलाने की अपील
## हम गांधीवादी तरीके से लड़ते रहेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल अपने उद्बोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को जमकर आड़े हाथों लिया था और मुख्यमंत्री का उद्बोधन कांग्रेसियों को कल रास नहीं आया था। अकेले इंदौर में ही 100 से अधिक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने बयान जारी कर मुख्यमंत्री के बयान का विरोध किया था और शहर कांग्रेस ने पुतला दहन की घोषणा की थी। यह घोषणा प्रदेश भर में कई शहर-जिला में हुई थी। इसी के बाद आज जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो पोस्ट कर सभी कांग्रेसियों से अपील की कि वे कहीं भी उग्र ना हो, ना ही कोई पुतला जलावे, हम गांधीवादी विचारधारा के हैं, हम सत्याग्रह कर अपनी बात रखेंगे और गलत बात का विरोध करेंगे। हमें बयान का जवाब पुतले जलाकर नहीं देना है, जनहित के लिए हमें लड़ाई जारी रखना है और जनहित के प्रश्न भी पूछते रहना है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने भी आज शाम राजवाड़ा पर पुतला दहन की घोषणा की थी, लेकिन पटवारी के बयान के बाद अब शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने आयोजन में परिवर्तन किया और आज शाम 5 बजे राजवाड़ा माँ अहिल्या प्रतिमा के समक्ष सद्बुद्धि प्रार्थना सभा का आयोजन करेंगे।

## अभिभाषक संघ अध्यक्ष के लिए अभी से जताई कचोलिया ने दावेदारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट गोपाल कचोलिया ने आगामी 25 जून को जिला न्यायालय परिसर में होने वाले चुनाव के लिए अभी से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। कचोलिया ने बताया कि मैं इस बार अध्यक्ष का चुनाव अभिभाषक संघ के सम्माननीय मतदाताओं के सानिध्य में समर्थन लेकर चुनाव लड़ूंगा।



## स्वतंत्रता संगठन ने किया वंदे मातरम गान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हर माह की पहली तारीख को स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन द्वारा राजवाड़ा अहिल्या प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना सभा और वंदे मातरम गीत का आयोजन किया जाता है। आज सुबह भी यह आयोजन किया गया। अजय सीतलानी, दिलीप राजपाल, दीपक मलोरिया रानू, विकास जोशी, महेश शर्मा, सुभाष जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## अहिल्या प्रतिमा का लोकार्पण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नर्सेस एसोसिएशन म.प्र. द्वारा माता अहिल्या की जयंती अवसर पर एमवाय अस्पताल को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में माता अहिल्यादेवी की प्रतिमा भेंट की, जिसका कैलाश विजयवर्गीय ने लोकार्पण भी किया। वीरेन्द्र व्यास, अशोक गोयल, डॉ. अरविंद घनघोरिया, डॉ. अशोक यादव, रेखा परमार, डॉ. जितेन्द्र वर्मा, डॉ.महेश खाचरिया, डॉ. शीखा घनघोरिया, राहुल जादोन, धर्मेन्द्र शर्मा, नवल बिहारी शर्मा, नूतनप्रकाश शर्मा मौजूद रहे।**



## मंत्री समर्थक ने किया सेवा कार्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समर्थक और भगवा आटो रिक्शा चालक संघ के वीरेन्द्रकुमार त्रिपाठी, धीरेन्द्रकुमार त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी ने सेवाकार्य के अन्तर्गत संत दर्शनसिंह महाराज के निर्माण दिवस पर फूटी कोठी चौराहा पर शरबत का वितरण किया गया।

## ज्वेलर्स के लिए सेमिनार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन द्वारा जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने कल उज्जैन में 'जीजेईपीसी और व्यापार के अवसर तथा आईआईजेएस भारत खुदरा विक्रेताओं का संपर्क' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल वर्मा घुंघरू ने बताया कि जीजेईपीसी के वरिष्ठ निदेशक मिथिलेश पांडे ने रत्न एवं आभूषण निर्यात पारिस्थिति की तंत्र को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन की गई विभिन्न एमएसएमई सहायता योजनाओं और पहलों पर केंद्रित एक ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किया। नाहेद सुनके ने भी प्रस्तुति दी। रविन्द्र सोनी, देवीलाल सोनी ने भी अपनी भूमिका निभाई।

# क्या आपके घर पर वाटर रिचार्जिंग है? घर-घर पूछ रहे निगम के कर्मचारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर के जल संकट को लेकर अब प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव को भी मैदान में उतरना पड़ा है। उन्होंने रविवार को इंदौर जाकर जल संकट की समीक्षा नगर निगम के अधिकारियों के साथ की। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक बिंदुओं पर निगम के अधिकारियों का ध्यान दिलाया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पानी को लेकर पक्षपात नहीं किया जाए और सभी को समान रूप से पानी वितरण की नीति पर ध्यान दें। उनका इशारा लगातार कांग्रेस द्वारा लगाई जा रहे आरोपों को लेकर था जिससे स्पष्ट होता है कि पानी के मामले में अधिक राजनीति न की जाए और सभी को पानी मिल सके ऐसी व्यवस्था महापौर और निगम अधिकारी मिलकर बनाएं। लगातार विपक्ष द्वारा पानी का मुद्दा उठाए जाने के बाद यह मामला दिल्ली दरबार तक पहुंच चुका है जिससे भाजपा की बदनामी हो रही है।

वहीं दूसरी ओर नगर निगम ने वाटर रिचार्जिंग को लेकर बड़ा अभियान शहर में शुरू किया है। जिसके तहत शहर के प्रत्येक भवन की जांच की जा रही है कि वहां वाटर रिचार्जिंग के लिए क्या व्यवस्था की गई है। इसके लिए नगर निगम द्वारा भवनों के एरिया के अनुसार विभाजन किया गया है, साथ ही आवासीय एवं कमर्शियल अलग-अलग प्रॉपर्टी का सर्वे किया जा रहा है। इसके तहत अब तक शहर में लगभग 23000 से अधिक भवन ऐसे सामने आए हैं जहां पर वाटर रिचार्जिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे भवन को नगर निगम ने 30 जून से पहले वाटर रिचार्जिंग करने का नोटिस थमा दिया है जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उक्त समय सीमा में रिचार्जिंग नहीं कराए जाने पर जुर्माने की मोटी रकम वसूली जाएगी और वाटर रिचार्जिंग भी करवाना पड़ेगा।

**अब तक 5000 स्क्वायर फीट से बड़े 23000 भवन स्वामियों को थमाए नोटिस**

इसके अलावा अब यह अभियान शहर के आवासीय क्षेत्र में जोर पकड़ेगा। नगर निगम के कर्मचारी आपके घर जाकर पूछेंगे कि क्या आपने वाटर रिचार्जिंग कराई है अगर रिचार्जिंग नहीं करवाई है तो तत्काल रिचार्जिंग करवा ले इसके लिए 311 एप के साथ ही नगर निगम के जोन कार्यालय पर जाकर संपर्क किया जा सकता हैं, यहां से वाटर रिचार्जिंग के संबंध में जानकारी ली जा सकती है।

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि जोन कार्यालय पर वेंडर की सूची उपलब्ध करवाई गई है जो व्यक्ति वाटर रिचार्जिंग करवाना चाहता है इसकी जानकारी ले सकता है इसके अलावा नगर निगम द्वारा वाटर रिचार्जिंग हेतु कैप्सूल निशुल्क दिए जाने की व्यवस्था की जा रही है ताकि यह अभियान और अधिक तेज गति से आगे बढ़ सके। एक माह में लगभग 60000 घरों में वाटर रिचार्जिंग करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि जल संकट से बचने का केवल एक ही उपाय है कि वाटर रिचार्जिंग अधिक से अधिक की जाए ताकि बारिश का पानी बर्बाद नहीं हो।

## टेलीकॉम कंपनी पर निगम की मेहरबानी

श्री यंत्र नगर में शनिवार रात टेलीकॉम कंपनी द्वारा खुदाई के दौरान नर्मदा की लाइन फोड़ दी गई थी इसके बाद नर्मदा जल वितरण के समय लगभग 35 मिनट नर्मदा का पानी 40 लाइन से बहता रहा, लाखों लीटर पानी इस दौरान बह गया और रहवासियों को पानी के संकट का सामना करना पड़ा लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने अब तक टेलीकॉम कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं की जबकि रहवासी लगातार कंपनी पर कार्यवाही करने की मांग करते रहे क्योंकि सीधे तौर पर आम नागरिकों द्वारा पानी की बर्बादी करने पर स्पाट फाइन के निर्देश निगम आयुक्त द्वारा दिए गए हैं लेकिन टेली काम कंपनी को लगातार दो दिनों तक कार्रवाई नहीं किया जाना लोगों में असंतोष का कारण बन रहा है। नगर निगम जल यंत्रालय के जल कार्य समिति प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों को टेलीकॉम कंपनी पर स्पॉट फाइन करने के निर्देश दिए, संभवत आज शाम तक कार्रवाई की जाएगी।

# मोरसली गली में पीपल का पेड़ आधा काटा

## *निगम की टीम ने मौके पर जाकर बनाया चालान, 1.5 लाख का जुर्माना*

**इंदौर।** मोर सली गली में एक पीपल के पेड़ को आधा काट दिए जाने का मामला सामने आया है। इस बारे में शिकायत मिलने पर नगर निगम की टीम के द्वारा मौके पर जाकर चालन बनाया गया और पेड़ काटने वाले पर 1.5 लाख का जुर्माना लगाया गया।



नागरिकों के द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार अलग-अलग स्थान पर पेड़ों की कटाई करवा दी जाती है। जिस नागरिक के घर के निर्माण में या किसी अन्य निर्माण में कोई पेड़ बाधक बनने लगता है तो वह अपने मजदूर लगवा कर पेड़ की कटाई करवा देता है। नगर निगम के द्वारा पेड़ की कटाई पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। जहां पर आवश्यक होता है वहां पर नगर निगम की टीम जाकर पेड़ की छंटाई का काम करती है। नगर निगम के राज मोहल्ला जोनल कार्यालय के अधिकारियों को यह सूचना मिली की मोरसली गली में एक प्लाट पर भवन का निर्माण करने में बाधक बन रहे पीपल के पेड़ को काटने का काम किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर जोनल कार्यालय की टीम मौके पर पहुंची। इस टीम के द्वारा वहां जाकर जांच की गई तो यह पाया गया कि आधा पेड़ काट दिया गया था और आधा पेड़ मौजूद था। जोनल कार्यालय के सहायक उद्यान अधिकारी राहुल वर्मा ने मौके की स्थिति का जायजा लेने के साथ में उसके फोटो खींचे और वीडियो बनाया। इसके बाद उनके द्वारा चालान बनाकर पेड़ की कटाई करवाने वाले उक्त जमीन के मालिक दिलीप अग्रवाल पर 1.5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। निगम के द्वारा जब यह कार्रवाई की जा रही थी तो बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग एकत्रित हो गए थे।

## जिस पेड़ को पूजा जाता है उसे काट दिया

हिंदू धर्म के अनुसार पीपल के पेड़ में देवताओं का वास माना जाता है। हर त्यौहार पर हिंदू धर्म को मानने वाले लोग पीपल के पेड़ की पूजा करते हैं। बहुत से लोग तो ऐसे हैं जो की अपने जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए हर दिन पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाते हैं और दीपक लगाते हैं। इस तरह से पूजे जाने वाले पीपल के पेड़ को दिलीप अग्रवाल के द्वारा कटवा दिया गया। इस घटना से भी लोगों में रोष है। ध्यान रहे की सड़क को चौड़ा करने के लिए भी जब पेड़ों की कटाई की जाती है तो उसमें भी पीपल के पेड़ को बचाने की कोशिश की जाती है और यदि नहीं बचा सकते हैं तो फिर उसे ट्रांसप्लांट किया जाता है।

# बिना परमिट के यात्रियों को ला रही बस पकड़ी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**बस के संचालक पर लगाया 50000 का जुर्माना**




**बिना परमिट के यात्रियों को लेकर आ रही बस को आज पकड़ा गया है। इस बस के संचालक पर 50000 का जुर्माना लगाया गया है।**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के द्वारा लगातार इंदौर में बसों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज सुबह नेमावर रोड तीन इमली चौराहा और रेडिसन चौराहा पर बसों की जांच करने का काम किया गया। इस दौरान ललितपुर से आ रही एक बस को जब जांच के लिए रोका गया तो अधिकारी यह देखकर चौंक गए की इस बस के संचालन का परमिट ही नहीं था। जब ड्राइवर से इस बारे में पूछा गया तो ड्राइवर ने परमिट नहीं होने की बात कही। उसके बाद में बस के संचालक को फोन लगाकर उससे परमिट मांगा गया तो उसके द्वारा भी बहाने बाजी की जाने लगी। इस स्थिति को देखते हुए परिवहन विभाग के दल के द्वारा इस बस का चालान बनाकर उस पर 50000 का जुर्माना लगाया गया है।

## मुंबई इंदौर के परमिट में चल रही थी नागपुर से बस

इसी प्रकार एक अन्य बस मुंबई से इंदौर के अस्थायी (टेम्परेरी) परमिट पर संचालित पाई गई। जबकि वह नागपुर से इंदौर तक यात्रियों का परिवहन कर रही थी। परमिट की शर्तों के उल्लंघन पर संबंधित बस के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान कलेक्टर इंदौर के निर्देश पर शुरू किया गया है जो कि हर दिन ही चल रहा है।

# भंवरकुआं चौराहा पर आरसीबी फैंस को पुलिस ने भगाया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कल रात आरसीबी ने आईपीएल के फायनल मैच में जैसे ही जीत दर्ज की देशभर में फैंस ने जश्न मनाया। जश्न इन्दौर शहर में भी मनाया गया।




आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार इन्दौर में ही रहते है, इसलिए राजबाडा, भंवरकुआं और पाटीदार मोहल्ले में जमकर जश्न मना। क्रिकेट फैंस अब तक जीत का जश्न मनाने राजबाडा पर एकत्रित होते थे लेकिन कल भोलाराम उस्ताद मार्ग पर आरसीबी फैंस रात को एकत्रित हो गए और जश्न मनाते रहे, जब देर रात तक फैंस वहीं डटे रहे तो क्षेत्रीय पुलिस को मैदान सम्भालना पडा। पुलिस ने पहले लोगों को घर जाने के लिए कहा और जब कुछ युवक जश्न के साथ मामूली हुड़दंग करने लगे तो पुलिस ने उन्हें घर भेजने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया।

# ब्रिक्स सम्मेलन के लिए सयाजी होटल वाली रोड पर पेंच वर्क शुरू

## निगम के अधिकारियों की टीम ने किया दौरा

**इंदौर।** जून महीने के दूसरे सप्ताह में इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के लिए तैयारियां तेज गति के साथ शुरू हो गई है। इंदौर नगर निगम के अधिकारियों ने आज सुबह सयाजी होटल वाले रोड का दौरा किया। इस सड़क पर निगम के द्वारा पेंचवर्क का काम भी शुरू कर दिया गया है। नगर निगम के जन कार्य विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने अपने सहयोगी अधिकारियों के साथ आज सुबह एम आर 10 का दौरा किया। इस सड़क पर मेट्रो के काम के कारण जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। यह सड़क वाहनों के आने जाने के लायक नहीं बची है। शहर के नागरिकों के द्वारा पिछले काफी समय से इस सड़क को सुधारने के लिए आवाज उठाई जा रही थी। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा इस आवाज को सुनकर अनसुना किया जा रहा था। अब जब ब्रिक्स के देशों का सम्मेलन इंदौर में होने जा रहा है तो इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आने वाले सभी देशों के प्रतिनिधि इसी सड़क से आना-जाना करेंगे। यह सम्मेलन तीन दिन तक चलने वाला है। ऐसे में दूसरे देशों के प्रतिनिधियों के सामने इंदौर की इमेज खराब नहीं हो इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए अब नगर निगम के द्वारा इस सड़क का पैच वर्क का काम शुरू किया गया है। कल रात को नगर निगम के ठेकेदार के द्वारा इस सड़क पर डामर डालकर गिट्टी चूरी डालने का काम शुरू कर दिया गया। इस काम को पूरा होने में 3 दिन लगेंगे। आज सुबह नगर निगम के अधिकारियों ने इस काम की स्थिति का जायजा लिया। इन अधिकारियों ने यह निर्देश दिया है कि क्राम अच्छी तरीके से किया जाना चाहिए ताकि दूसरे देशों के प्रतिनिधियों के सामने इंदौर की इज्जत खराब नहीं हो। निगम के द्वारा संबंधित जोनल कार्यालय के अधिकारियों को भी इस काम पर नजर रखने और काम को तेजी से करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

# नित्या सोहनी का बैंगलुरु में सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छात्रा एवं नादयोग गुरुकुल की कथक शिष्या नित्या सोहनी ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर इंदौर का नाम रोशन किया है। उन्हें 29 मई को बेंगलुरु के बाल भवन में आयोजित हेरिटेज फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर के प्रतिष्ठित 'कलाकृति कॉन्क्लेव' में सम्मानित किया गया। इस कलाकृति कॉन्क्लेव में देश के 15 शहरों से



चयनित कलाकारों ने भाग लिया। देशभर से 1,500 से अधिक प्रतिभागियों में से चयनित शीर्ष 28 युवा कलाकारों को मंच पर प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया था। नित्या ने भी इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रभावशाली कथक प्रस्तुति देकर दर्शकों और निर्णायकों की भरपूर सराहना प्राप्त की।पुरस्कार हेरिटेज फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर की अध्यक्ष सुश्री चंद्रिका बी. एवं डॉ. किंगशुक घोष द्वारा प्रदान किए गए।

# जैन खंडेलवाल युवा महासभा कार्यकारिणी की शपथ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल युवा महासभा इंदौर इकाई की कार्यकारिणी शपथ समारोह एव मीटिंग का आयोजन तिलक नगर कम्युनिटी हाल में राष्ट्रीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। वैभव कासलीवाल ने बताया कि इस अवसर पर शेखर छाबड़ा, सनत गंगवाल चन्द्रप्रकाश गंगवाल, प्रेमचंद काला, संदीप जैन मोरया, कमलेश कासलीवाल, होलाश आशा सोनी, हंसल पहड़िया,प्रमोद पापड़ीवाल, साधना दगड़े, मनीष पाटनी, रोमिल सोनी, शैलेन्द्र सौगानी, गौरव पाटोदी, अंकुल पाटोदी, उन्नित झांझरी, प्रवीण पहड़िया, देवेश पाटनी, सुमित सेठी, शैलेश काला, टोनी गंगवाल, अभिषेक सेठी, कल्पेश गंगवाल, अनुराग जैन, उपस्थित थे।



# लोकतंत्र सेनानियों के सम्मेलन में इन्दौर से भी होंगे शामिल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

लोकतंत्र सेनानी संघ का प्रांतीय सम्मेलन 26 जून को लोकतंत्र हत्या दिवस पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आमंत्रण पर इस बार रवीन्द्र भवन में आयोजित होगा। इस आयोजन को लेकर कल भोपाल में बैठक भी हुई। पूरे प्रदेश से 1200 लोकतंत्र सेनानी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को उनके परिवारजनों सहित आमंत्रित किया गया है। इन्दौर और जिले से भी लोकतंत्र सेनानी शामिल होंगे।

## आज दोपहर से श्रीराम कथा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आज दोपहर 3.30 से 7.30 बजे तक विद्याधाम परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन शुरू होगा। कथा 7 जून तक निर्धारित समय पर चलेगी। 3 जून को पुरुषोत्तम मास की चतुर्थी का व्रत करने वाली 61 माताओं के व्रत का सामूहिक उद्यापन भी होगा। राहुल कृष्ण शास्त्री कथा का रसपान कराएंगे।

# नीमा समाजजन कर रहे हैं भगवान कृष्ण की लीलाओं का रसपान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नीमा धर्मशाला मालगंज पर आदित्य मुखिया के श्रीमुख से हो रही भागवत कथा का रसपान करने बडी संख्या में नीमा समाजजन पहुंचकर भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुन रहे है और रसपान भी कर रहे है। यह आयोजन श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट ने हीरक जयंती अवसर पर आयोजित कराया है। कल कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। मातृशक्तियों ने कलश धारण किए थे। शहर के मध्य यह भागवत यात्रा वापस धर्मशाला पहुंची और उसी के बाद कथा प्रारम्भ हुई। सत्यनारायण नीमा, मंत्री कमल नीमा, राजेंद्र नीमा, अनिल एन नीमा, अजय नीमा, अनिल के नीमा, सतीश नीमा मालक, महेश नीमा, गिरधर गोपाल नीमा, अशोक महेश नीमा, शम्भू कुमार नीमा मौजूद थे। समाज की कई संस्थाओं के पदाधिकारियों का सहयोग और उपस्थिति भी दिखाई दे रही है। कथा रोजाना शाम 4 से 7 बजे तक हो रही है।



## पण्डितों से कराई वैश्य महिलाओं ने गौपूजा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वैश्य महिला महासंगठन ने इस पुरुषोत्तम मास अवसर पर केसरबाग स्थित अहिल्या माता गौशाला में पण्डितों से मंत्रोच्चार के साथ गौपूजन कराया। दीपिका-आशीष गोयल, उषा बंसल, डॉ. तरु गुप्ता, किरण मुरारका, सुनीता कंदोई, मुक्ति अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, हेमा काबरा,उमा गुप्ता, चंचल गोयल, अर्चना गौर, सुमन मित्तल, कुमुद बिंदल, मोनिका गोयल सहित अन्य मौजूद थे।



## भक्तामर काव्य में लगाए 48 दीप

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अजितनाथ त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर मॉडर्न सिटी एयरपोर्ट में भक्तामर काव्य 48 दीपों से किया। गिरीश जैन, पवन जैन, पंकज जैन, सुशील अंकुर गंगवाल, महेंद्र गंगवाल, शशांक जैन, कमलेश काला, सुमित सेठ मौजूद थे।

## जैन फेडरेशन ग्रुप ने किया खाद्य पदार्थ का वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन के स्थापना दिवस पर एक्सीलेंट ग्रुप द्वारा मूकबधिर स्कूल महूनाका पर बच्चों के लिए खाद्य सामग्री प्रदान की गई। सुधीर सेठिया, सुनील जैन, राजेश संचेती, अशोक बोहरा सहित अन्य मौजूद थे।



## माहेश्वरी महिलाएं करा रही है आज दोपहर से व्यंकटेश बालाजी कथा महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माहेश्वरी महिला संगठन, संयोगितागंज द्वारा आज से 5 जून तक माहेश्वरी भवन संयोगितागंज में दोपहर 3.30 बजे से सायं 7.30 बजे तक रोजाना स्वामी माधवप्रपन्नाचार्यजी के श्री मुख से व्यंकटेश बालाजी कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मातृशक्तियों का कहना रहा कि यह कथा इन्दौर में पहली बार हो रही है। अलग-अलग दिन अलग-अलग उत्सव होंगे। कल्याण उत्सव 5 जून को मनाया जाएगा।

# जल पर प्रबुद्धजनों के सुझाव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

होटल सभागृह में संस्था सेवा सुरभि ने पानी की कमी को लेकर विचार मंथन कार्यक्रम आयोजित किया। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल की मौजूदगी में शहर के प्रबुद्धजनों ने पानी की बचत के लिए सुझावों से लेकर नर्मदा के प्रथम चरण से लेकर अब तक के अभियानों पर अपनी-अपनी बात रखी, वहीं नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने इस त्रासदी का दूसरा पहलू भी नगर निगम में दर्ज आंकड़ों की खाताबही के हवाले से यह कहते हुए उजागर किया कि शहर में पेयजल का संकट नहीं बल्कि समस्या उसके वितरण व्यवस्था की है। शहर में रोजाना करीब 400 एमएलडी पानी आने के बावजूद कुल 6 लाख से अधिक घरों में से केवल 2 लाख 99 हजार घरों में ही वैध जल कनेक्शन है। बहुत से लोगों ने एक हजार वर्गफीट वाले प्लाट पर बहुमंजिले भवन बना रखे हैं जहाँ पहले 5 लोगों के परिवार को पानी की जरूरत थी वहां अब 25 से 30 लोग रह रहे हैं। इस स्थिति में उन्हें भी टैंकर की जरूरत महसूस होने लगी है। स्थिति यह है कि नर्मदा का पानी जलूद से शहर में लाने पर जो खर्च हो रहा है, उसका पांचवा हिस्सा भी नगर निगम के खजाने में जमा नहीं हो पा रहा है। शहर में पानी वितरण पर निगरानी रखने के लिए तकनीकी स्टाफ बहुत कम है। 40 लाख उपभोक्ताओं को पानी देने की निगरानी के लिए मात्र 100-125 लोगों का स्टाफ हमारे पास है। तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण भी किसी एक संस्था के भरोसे नहीं रहा जा सकता, इसलिए जल संकट के इस दौर में आम नागरिकों का भी दायित्व है कि वे पानी बचाने का प्रयास करें। अब ग्रीष्म काल में पानी



बचाने के लिए एक अभियान चलाने की जरूरत है। राकेश दीवान, अनिल त्रिवेदी, पर्यावरणविद ओपी जोशी, डॉ. एसएल गर्ग, अरविन्द तिवारी ने चर्चा का शुभारम्भ किया। पर्यावरण पर लिखने वाले कुमार सिद्धार्थ का सम्मान ओमप्रकाश नरेडा, संजय पटेल, डॉ. सुधीन्द्र मोहन शर्मा, वीरेन्द्र गोयल, वीके गुप्ता, राकेश दीवान ने किया। डॉ. सुधीन्द्र मोहन शर्मा, गौतम कोठारी,दिलीप वाघेला, मेघा बर्वे, निकेतन सेठी, हिमांशु उपाध्याय, डॉ. संदीप नारुलकर, डॉ. मुकेश चौहान, संदीप खानवेलकर, डॉ. एसएल गर्ग, सुनील व्यास, पंकज कासलीवाल, वीरेन्द्र गोयल, अजीतसिंह नारंग ने सार्थक उदबोधन दिए। निगम आयुक्त को संस्था की ओर से मोहित सेठ एवं अरविन्द बागड़ी ने स्मृति चिन्ह भेंट किए। मुरली धामानी, कमल कलवानी, अरविन्द जायसवाल, नेमीचंद जैन, रामेश्वर गुप्ता मौजूद थे।




## मातृशक्तियों ने भी की भजन से माता की आराधना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देवी अहिल्या बाई होलकर की जन्म जयंती पर कल राजवाड़ा पर हुए आयोजन में सखी सहेली महाकालेश्वर शरण महिला उत्थान सेवा समिति सुखलिया की महिलाएं भजन गाते हुए राजबाड़ा पहुंची माता अहिल्या की परिक्रमा कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान दीपा मीणा, तारा यादव, कुसुम विश्वकर्मा रीना मीणा सहित अन्य मातृशक्तियां मौजूद थी।

# सिंधी समाजजनों ने कराई जांच



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पलसीकर कालोनी स्थित सिंधी पंचायत भवन पर किया गया। कई तरह की जांच की गई और परामर्श भी चिकित्सकों ने दिया। सरपंच राजा मांधवानी ने बताया कि चिकित्सक जय परियानी एवं कुंदनदास बागजायी ने भी निशुल्क सेवाएं दी। राजा मांधवानी, राजेंद्र सचदेव, गोपालदास परियानी, भोजराज वाधवानी, वासुदेव हरगुनानी, जयपालदास बजाज, राकेश पंजवानी, लालचंद टी वाधवानी, डॉ. एच. वाधवानी, नंदलाल खथुरिया, अमृत हिरानी, नंदलाल झामवानी, संजय कालरा, नरेश मनकानी, दीपचंद चावला, सेवा कार्य में मौजूद थे।



## सेवानिवृत्ति पर राठौर का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

निगम राजस्व समिति प्रभारी के निज सहायक और रजिस्ट्रार कार्यालय में निगम काउंटर के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी राजेन्द्रसिंह राठौर सेवानिवृत्त हुए। अनिल आगा ने बताया कि उनके सम्मान में आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में स्टाफ के कर्मचारी मौजूद रहे।

## हिन्दी पत्रकारिता की द्विशताब्दी एवं एआई युग से कदमताल पर व्याख्यान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। राजेंद्र माथुर सभागृह में हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी पत्रकारिता की द्विशताब्दी एवं एआई युग से कदमताल पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार जयदीप कर्णिक, भुवनेश सेंगर, मनोज कुमार एवं अरविंद तिवारी ने अपना उदबोधन दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल पत्रकारिता अब एल्गोरिदम की गुलाम होती जा रही है और पाठकों की वास्तविक पसंद पीछे छूट गई है। पत्रकारिता अब टीआरपी, व्यूज़ और ट्रेंड्स पर आधारित होती जा रही है, जो उसके पतन का कारण बन रही है। इस अवसर पर डॉ अर्पण जैन, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, मणिमाला शर्मा, नीतेश गुप्ता, डॉ. अखिलेश राव, विनिता तिवारी, जलज व्यास, जयसिंह रघुवंशी, अंकित तिवारी, देवेंद्र जैन, कीर्ति मेहता मौजूद थे।



## स्वर्ण सेना ने दिया अधिकारों को लेकर ज्ञापन

फोटो स्वर्ण सेना)

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वर्ण सेना द्वारा ईडब्ल्यूएस अधिकारों और छात्र हितों को लेकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। स्वर्ण समाज के आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के विद्यार्थी, युवाओं और परिवारों के अधिकार सुविधा और उनकी प्रशासनिक समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में स्वर्ण सेना से जुड़े लोग ज्ञापन देने पहुंचे। तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। अनूप शुक्ला, धर्मेंद्र गौतम, मनीष निगम, राजकुमार मंत्री ने बताया कि स्वर्ण समाज एकता जिंदाबाद के नारे गुंजाए गए और मांगों को हल करने की मांग की गई। वाचन एडवोकेट नमन दुबे ने किया। सुरेंद्र अग्रवाल, भूपेंद्रसिंह भदोरिया, अनिल जोशी, सुशील श्रीवास्तव, मणिमला शर्मा, वीना श्रीवास्तव, मनजीत सिंह, डॉ. आरएन मिश्रा, श्रीकांत तिवारी, विनोद द्विवेदी, त्रिलोक जोशी, दिलीप द्विवेदी, अरुण जोशी, तरुण भटनागर, सत्येन्द्र शर्मा, बाला ठाकुर सहित स्वर्ण समाज से जुड़े अलग-अलग समाजों के पदाधिकारी, प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सामूहिक सम्मेलन के पहले बैठक



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अगले वर्ष बसंत पंचमी पर गुरव समाज सामूहिक विवाह करेगा, उसकी तैयारी शुरू कर दी गई। हरिओम धर्मशाला में कल बैठक का आयोजन किया। पवन देवराय, संदीप पंवार ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है और बैठक में कई निर्णय भी लिए गए हैं।

## स्वर्णकार समाजजन रहे शिविर समापन में मौजूद



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री स्वर्णकार सेवा न्यास द्वारा गत 15 दिनों से संचालित योग-ध्यान, प्राणायाम शिविर का समापन कल किया गया। बड़ी संख्या में समाज के बुजुर्ग, युवा, बच्चे, महिलाएं शामिल हुए। अरविंद सोनी, हुकुमचंद सोनी ने बताया कि शिविर के सूत्रधार चन्द्रशेखर आजाद का सम्मान भी किया गया।




## हूमड़ युवा मंच की नई कार्यकारिणी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री हूमड़ युवा मंच की साधारण सभा होटल में हुई, जिसें नवनिर्वाचित कार्यकारिणी चुनी गई, पदाधिकारी का सम्मान किया। इस अवसर पर अनुप बक्षी, विनय भाणेज, अनिमेश मादावात, अर्पित चापावत, रूपेश बक्षी, अक्षय झगड़ावत, अतीत तलाटी, मयंक गोवाडिया, पुनीत पंचोली, हिमांकि मादावत, आयुष तलाटी, ओशिन शाह ने अपनी भूमिका निभाई।

# गाय के लिए आम-केले हरी घास लेकर पहुंचे श्रद्धालु



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हर अमावस्या और पूर्णिमा पर गौसेवा समिति ग्रुप के सदस्य गौशाला में पहुंचकर गौसेवा और पूजा करते हैं। कल पूर्णिमा पर समिति के सदस्य जिनमें मातृशक्तियां और बच्चे भी थे उन्होंने श्रीराम मंदिर गौशाला में गौसेवा के अन्तर्गत गाय को आम, केले, हरी घास, लड्डू, मक्का की घास, चापड़, गेहूं का भूसा, सेंधा नमक अपने हाथों से खिलाकर सेवा की और इस पुरुषोत्तम मास में सेवा को सार्थक किया। गौपूजन, आरती की गई। विजयकुमार शारदा श्याम, अनुराग नीमा, राजेन्द्र नीमा, चंद्रशेखर नीमा, विष्णु गुप्ता, राजेश जोशी सहित अन्य मौजूद थे।



## दो परिवारों के बीच कराई मध्यस्थता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कोरी/कोली समाज महापंचायत ने मध्यस्थता केन्द्र के माध्यम से आए चार मामलों के विवाद में से दो में समझौता कराकर दम्पतियों को साथ रहने के लिए तैयार कर सहर्ष उन्हें घर भेजा। एक मामले में आपसी सहमति से गुजारा भत्ते पर न्यायालय के जरिये तलाक का निर्णय कराया। बड़ी ग्वालटोल धर्मशाला में कल यह कार्य किया गया। अशोक वर्मा, ओमप्रकाश धीमान, हेमराज वर्मा, ईश्वरलाल सनोटिया, प्रकाश महावर कोली, देवीशंकर कोटिया, देवीप्रसाद वर्मा, महेश वर्मा, रमेश चिरगैया, रत्नेश वर्मा, संजय वर्मा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गौ को लगाया छप्पन भोग



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पुरुषोत्तम मास में गणेश गौशाला अग्रसेन भवन फूटीकोठी में गाय को छप्पन भोग आयोजन टिबरेवाल परिवार ने किया। सब्जी, फल, सलाद, खली, चारा, गुड़ सहित अन्य से यह छप्पन भोग लगाकर गौपूजन किया और फिर परिजनों ने बारी-बारी से गाय की पेटपूजा कराई।



## जैन ग्रुप की पूल पार्टी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन सोशल प्रोफेशनल यूनिटी ग्रुप की 'एक्वा मेनिया' पूल पार्टी का आयोजन लाभम रिसॉर्ट कैट रोड पर किया गया। ग्रुप के सदस्यों ने ज़नरल मीटिंग भी की और पूल पार्टी का आयोजन भी किया। दीप्ति राकेश सिसौदिया, अभिनव सोनी, उपेन्द्र जैन, कीर्ति प्रतिभा डोसी,डॉ. विवेक वनिंदर भंडारी, सर्वेश हीना जैन, यशपाल प्रीति खारीवाल ने अपनी भूमिका निभाई।

## पाल समाजजनों ने दिखाई मां अहिल्या की भक्ति

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अहिल्या माता की जयंती पर पाल समाज ने जिंसी स्थित गोल मंदिर से राजबाडा तक वाहन रैली और यात्रा निकाली। राजबाडा पर मां की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। राजू पाल, लव पाल, रीतेश पाल, वरुण पाल, रमेश पाल, वीरेन्द्र पाल, नवीन पाल, प्रमोद पाल, आकाश पाल, राजेन्द्र पाल, सर्वेश पाल, सदाशिव पाल, रामलखन पाल, अभय पाल, प्रदीप पाल, दिनेश पाल सहित बडी संख्या में पाल समाजजन मां की भक्ति में यात्रा और पुष्पांजलि में मौजूद रहे।



## ललिता राठौर का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। समाज सेविका ललिता राठौर को उनके योगदान के लिए अहिल्या पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कई राठौर समाजजनों ने इस सम्मान की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई भी दी।



## अग्रवाल सेवा संगठन ने किया अर्चन महोत्सव



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रसेन सेवा संगठन द्वारा बाबाश्री रिसोर्ट पर भगवान विष्णु-लक्ष्मी दिव्य अर्चन महोत्सव एवं श्रीयंत्र पूजन-अर्चन का भव्य आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज परिवारजन सहित इस धार्मिक आयोजन में मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार और मंगलाचरण का आयोजन हुआ। भगवान का पूजन कर अलग-अलग सामग्री से अर्चन किया गया। सीता-जगदीश गोयल, उषा राजेश बंसल, शीतल-संजय तोड़ीवाला, बसंत अग्रवाल,रानी अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, मीना गोयल, गिरीश तोडीवाला, मनोज बंसल, मनीष गोयल,दपक गर्ग, शिल्पा मंगल, सृष्टि गोयल, पूजा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, गौतम मोदी, मनीष गर्ग, संदीप एरन सहित अन्य मौजूद थे।

## आज से दो दिवसीय ज्योतिष वास्तु महोत्सव एवं सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आनंद मोहन माथुर सभागृह में दो दिवसीय ज्योतिष वास्तु महोत्सव एवं सम्मान का आयोजन शुरू हुआ। डॉ. संतोष भार्गव ने बताया कि आज सुबह भगवानों का पूजन, दीप प्रज्ज्वलन और उदघाटन का आयोजन किया गया। यह आयोजन आज के बाद कल भी चलेगा। आज प्रथम सत्र में कालचक्र विषय पर विद्वानों द्वारा प्रकाश डाला गया।

## मराठा समाजजनों ने लगाया शिविर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट द्वारा मल्हारी मार्तण्ड मंदिर परिसर में स्वास्थ्य शिविर में शुगर, बी.पी., कैंसर एवं आंखों की जांच निःशुल्क की गई। सुरेश टाकलकर, रविंद्र सोमवंशी, भूपेंद्र अडसुरे, गणपत राव कदम, सविता जवकर, आनंद मोरे पल्लवी गरुड़, प्रभाकर चौखंडे, मनोरमा ठोंबरे, हेमंत मुरमकर, रुचिर भौंसले, अमित आमनपुरकर उपस्थित थे।





## जैन फेडरेशन अध्यक्ष का स्वागत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के अध्यक्ष का चयन किया गया। मनीष सुराणा, शिखरचंद बाफना, विजय ललवानी, किशोर पोरवाल, विमल नाहर की कमेटी ने संतोष-लता जैन को दो वर्ष के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया।



## क़ैलाश मानसरोवर यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर के राकेश रुचि विजयवर्गीय एवं नितिन सपना नीमा ने हाल ही में कैलाश मानसरोवर की परिक्रमा सम्पूर्ण की। इस परिक्रमा में तीन दिन लगे इसकी शुरुआत यंग द्वार से की गई। ऊंचाई पर आक्सीजन की कमी भी नजर आई, लेकिन यात्रा पूरी की।



## नशामुक्ति के लिए हस्ताक्षर अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पंचकुईया रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज गंगोत्री विहार में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर नशामुक्ति एवं उठो जगत के वास्ते प्रोजेक्ट के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान डॉ. शुभांशु अवस्थी, छाया दीदी, सीमा दीदी ने संबोधित भी किया। नशा न करने की रानू दीदी ने शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर राकेश शुक्ला, रिंकू दुआ, प्रियंका शुक्ला, संजय पारसनिया मौजूद थे।

## 21 मातृशक्तियों को देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर सत्कार कला कल्याण समिति ने जाल सभागृह में सम्मान समारोह आयोजित किया। आयोजन में विभिन्न समाज एवं वर्गों की 21 मातृशक्तियों को देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कीर्ति खुरासिया, मालासिंह ठाकुर ने देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संगीता अग्निहोत्री, निर्मला जिंदल, मनजीत कीर्ति राज सिंह, प्रो. प्रिंसेस निगम, मधुमिता चंद्रा, माया लोखंडे, सुचित्रा हरमलकर, प्रो. रितु कोचले, बबली जैन, जसबीर कौर खनूजा, सुश्री योगिता सोनी, श्रुति बजाज, रोसी लिंट जोसेफ, बिंदु चौहान, किरण जगताप, नफिसा हुसैन, शांता नामदेव कुकरेजा, डॉ. आरती मेहरा, उमा यादव, डॉ. रेवलीन कौर एवं श्रीमति मीना जोशी का सम्मान किया गया। इस दौरान डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल, डॉ. सरिता राव, डॉ. अरुण अग्रवाल, पुरुषोत्तम वाघमारे, विजय पारेख, प्रीति दुबे मौजूद थे।



## सेंट्रल मॉल में ओपन स्टेज प्रतियोगिता

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। व्हिज़ी विंग्स एवं नक्सस इंदौर सेंट्रल मॉल के संयुक्त तत्वावधान में ओपन स्टेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस, सिंगिंग, डांस सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। कार्यक्रम में 60 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान डॉ. अंशुल जैन एवं श्रेया अनासाने, अपूर्वा गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## शहर में सर्वाधिक 43 करोड़ यूनिट बिजली वितरित

इंदौर सिटी ब्लास्ट। मई माह में तापमान में लगातार वृद्धि हुई और तापमान करीब 41 डिग्री के पार ही बना रहा। ऐसे में बिजली विभाग ने अब तक सर्वाधिक बिजली शहरवासियों को वितरित की। करीब 43 करोड़ यूनिट बिजली दी गई।

# नई लिंक रोड पर 20 से ज्यादा पोल पर लगेगी सेंट्रल लाइटिंग

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 49 के अंतर्गत तिलक नगर मेनरोड पर श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल से शकुंतला हॉस्पिटल तक के बड़े हिस्से में आकर्षक जगमगाहट की तैयारी शुरू हो गई है। जिसके अंतर्गत निगम के विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्रीय पार्षद राजेश उदावत और आधा दर्जन से ज्यादा पॉश कॉलोनीयों के रहवासियों की मांग पर लंबे समय बाद मास्टर प्लान में मंजूर पिछले दिनों बनकर तैयार हुई पूर्वी रिंग रोड से एसकेपी पब्लिक स्कूल तक नवीन लिंक रोड पर रोशनी और जगमगाहट के लिए लगभग 20 से ज्यादा नए इलेक्ट्रिक पोल पर लगभग 50 आकर्षक एलइडी लाइटिंग लगाकर सेंट्रल लाइटिंग लगाने का कार्य पूरा किया जाएगा। वहीं आने वाले दिनों में तिलक नगर से बंगाली ब्रिज और कनाडिया रोड तक ट्रैफिक का लोड कम करने के लिए नई तैयार सड़क पर उजाले के लिए नई सेंट्रल लाइटिंग लगाई जाएगी। गौरतलब है कि लंबे समय से मास्टर प्लान में मंजूर तिलकनगर मैनरोड़ से पूर्वी रिंगरोड़ पर शकुंतला हॉस्पिटल तक बनने वाली लिंक रोड की इसी साल बाधाएं हटने के बाद महावीर नगर पानी की टंकी तक का काम पहले चरण में पूरा हुआ था। जबकि इसके आगे एसकेपी स्कूल से तिलक नगर मैन रोड तक 60 फीट चौड़ी मुख्य सड़क का काम पहले ही पूरा हो चुका था। वहीं अब स्कूल से पानी की टंकी और पूर्वी रिंग रोड़ पर शकुंतला हॉस्पिटल तक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद अब निगम द्वारा यहां क्षेत्रिय पार्षद राजेश उदावत की मांग पर सेंट्रल लाइटिंग लगाने का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। जिससे रिंग रोड से लेकर तिलक नगर में रोड पर पूरे क्षेत्र में एक जैसा उजाला नजर आए। साथ ही लिंक रोड से रिंग रोड और बंगाली चौराहे होते हुए कनाडिया रोड तक जाने वाले लोगों को अंधेरे की वजह से दिक्कत ना हो।

# बस्ती के लोगों को मिलेगी संजीवनी क्लिनिक की सौगात



**इंदौर।** विधानसभा 5 के पिपलियाहांना क्षेत्र में गरीब बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए क्षेत्र में पहला संजीवनी क्लिनिक अब बनकर तैयार हो गया। आने वाले दिनों में बेहद जल्द निगम द्वारा हॉकर्स जोन के पास करीब 35 लाख से ज्यादा की लागत से तैयार क्षेत्र के पहले संजीवनी क्लीनिक की सौगात बेहद जल्द देने की तैयारी है। जिसको लेकर इन दिनों यहां तेजी के साथ काम चल रहा है। वार्ड क्रमांक 50 से जुड़े रमाबाई नगर, तालाब की पाल के पास स्थित गरीब बस्ती में मध्यमवर्गीय परिवार के साथ आईडीए मल्टी स्कीम 140 परिसर में रहने वाले सैकड़ो परिवारों के लोगों को अब अपने इलाज के लिए होने वाले खर्च की चिंता नहीं रहेगी। क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से पिपलियाना क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क इलाज की सुविधा के लिए शासन - प्रशासन की महत्वपूर्ण योजना संजीवनी क्लिनिक में आने वाले दिनों में क्षेत्र के लोगों को मिलने वाली है। जहां वर्तमान में यहां संजीवनी क्लीनिक निर्माण का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। कहा जा रहा है कि जल्द तैयार संजीवनी क्लिनिक को शुरू कर क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में बेहतर इलाज की सुविधा के लिए बड़ी सौगात के रूप में निगम की देने की तैयारी है। पार्षद जैन ने बताया कि हमारा प्रयास है कि विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव से जल्द क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले हजारों रहवासियों की सुविधा के लिए संजीवनी क्लिनिक का विधिवत लोकार्पण कर जनता को सौंप दें। इसके लिए वर्तमान में यहां बचें काम तेजी के साथ पूरे करवाने के प्रयास कर रहे है।

# फ्लाई ओवर के नीचे सौगात की जगह गाड़ियों की पार्किंग

**इंदौर।** इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा खजराना चौराहे पर बनाएं करोड़ों की लागत वाले फ्लावर के नीचे जहां आमजन की सुविधा के लिए विकास कार्य कर लोगों के लिए सौगात देने की प्लानिंग की गई थी। वहां अब दिनभर गाड़ियों की अवैध पार्किंग की जा रही है। निगम और आईडीए के जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी का शिकार लंबे समय से खजराना फ्लाई ओवर के नीचे खाली पड़ी बोगदे की जगह जो मेट्रो के लिए खाली छोड़ी थी। जिसके लिए बोगदे की जगह पर पतरों से आड़ की गई थी। अब यहां आसपास के लोगों द्वारा गाड़ी खड़ी कर पार्किंग बना ली गई है। जबकि आईडीए द्वारा ब्रिज के नीचे सौंदर्यकरण और विकास के कार्य कर क्षेत्र की आम जनता को सौगात देने की तैयारी थी।

**जिम्मेदारों की अनदेखी से नहीं हुआ प्लानिंग पर काम-** इसके लिए अफसरों द्वारा पूरी प्लानिंग बनाकर ब्रिज के नीचे के हिस्से



को संवारकर यहां जन उपयोग के लिए खेल मैदान से लेकर अन्य प्रस्तावित विकास कार्य करने की तैयारी थी। लेकिन दो साल बाद भी अभी तक कोई काम शुरू नहीं हो पाया। उल्टा खाली जगह पर आसपास के गैरेज और सर्विस सेंटर वालों ने कब्जे कर अवैध पार्किंग का अड्डा बना लिया है। जहां सुबह लेकर रात तक कई फोर व्हीलर गाडियां आराम से खड़ी रहती है। लेकिन अफसरों की आमजन के उपयोग के लिए की गई प्लानिंग धरी रह गई। जबकि अफसरों द्वारा दावा किया गया था कि पिपलियाना ब्रिज की तरह आईटीआई द्वारा खजराना और फूटी कोठी सहित अन्य जगह तैयार फ्लाईओवर के नीचे क्षेत्र के आदिवासियों और बच्चों के मनोरंजन के उपयोग के लिए खेल मैदान या अन्य एक्टिविटी के लिए निर्माण कार्य किए जाएंगे। लेकिन हालत यह है कि 2 से 3 साल बाद भी ब्रिज के नीचे की जगह खाली पड़ी है और कई जगह वाहनों की पार्किंग हो रही है तो कहीं लोगों द्वारा कब्जे करने की कोशिश की जा रही है, बावजूद जिम्मेदार है कि ध्यान नहीं दे रहे।

# संयोगितागंज स्कूल नवनिर्माण और जीर्णोद्धार कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**इंदौर।** शासकीय संयोगितागंज बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उषागंज छावनी के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार कार्य ने आखिर अब जाकर रफ्तार पकड़ ली है। जिसके तहत पहले चरण के कार्यों में जहां एक तरफ तेजी के साथ तैयार हो रहे पुराने क्लास रूम में रंगाई-पुताई और फ्लोरिंग का काम चल रहा है। वहीं दूसरे चरण के तहत लगभग आधा दर्जन नवीन आधुनिक सुविधाओं वाले नए क्लासरूम निर्माण के लिए खुदाई कर निर्माण कार्य भी अब शुरू हो गया है।जिसके तहत निगम के शाला प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के निर्देश पर दूसरे चरण के लंबे समय से पेंडिंग कार्यों में तेजी लाने का काम अब शुरू कर दिया है। लंबे समय से अधूरे पड़े शासकीय स्कूल जीर्णोद्धार कार्यों में अब पहले से ज्यादा तेजी दिखने लगी है।

**लंबे समय से चल रहे कार्य में अब दिखने लगी तेजी**

### 300 साल पुराने हेरिटेज स्कूल भवन को संवारने के लिए 3 सालों से चल रहा काम

वही बड़ी बात यह है कि लगभग 300 साल पुराने हेरिटेज शासकीय संयोगितागंज बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (एचजीएस) क्रमांक 1 को लाखों रुपए खर्च कर हेरिटेज में शामिल ऐतिहासिक स्कूल इमारत को संवारने और जीर्णोद्धार के कार्यों के लिए निगम ने करीब 3 साल पहले काम शुरू किया था। जिसके तहत पुरानी इमारत के कवेलू निकालकर नवीन शेड लगाने के साथ वह सावधानी पूर्वक इमारत के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसमें नवीनीकरण किया जाना था। बीच में कई बार काम बंद होने और निगम में पैसों के संकट के कारण यहां का काम धीमी रफ्तार से चलने से अब तक अधूरा था। जिसको लेकर पिछले दिनों सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट में प्रमुखता से स्कूल के अधूरे निर्माण और धीमी रफ्तार को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। उसके बाद विधायक गोलू शुक्ला और निगम अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लेकर लंबे समय से बंद काम को दोबारा शुरू करवाकर काम में तेजी लाई गई।

### नव निर्माण कार्य भी अब बिना रुकावट चलता रहेगा

*कहा जा रहा है जल्द आने वाले दिनों में शुरू होने वाले नवीन शिक्षा सत्र से पहले कुछ क्लास रूम तैयार कर दिए जाएंगे। जहां स्कूल आराम से लगेगा। जबकि पीछे मैदान में 6 से 7 क्लास रूम पहले से तैयार हैं। जबकि नव निर्माण कार्य के अंतर्गत आधा दर्जन नए क्लासरूम निर्माण कार्य भी अब तेजी के साथ लगातार बिना रुकावट के चलता रहेगा।*

# 28 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए

### 15 दिन में 8 हजार और लगाकर 100 फीसदी काम पूरा करेगा विभाग

**इंदौर।** डेली कालेज विद्युत जोन के अंतर्गत मूसाखेड़ी और आजाद नगर क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा लगातार पिछले तीन माह से संपूर्ण मूसाखेड़ी क्षेत्र में 50 से ज्यादा कॉलोनियों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू किया था। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा बिजली चोरी रोकने और बिजली की बचत करने के उद्देश्य से क्षेत्र में अब तक लगभग 28000 से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिसके तहत अब तक मयूर नगर की 20 से ज्यादा गलियों के साथ पंचशील नगर साटम पार्क कॉलोनी, कमल नगर, विराट नगर, चौधरी पार्क कॉलोनी, लाल मंदिर, राम मंदिर, श्री राम नगर, खाती मोहल्ला, अभिषेक नगर, न्यू पंचशील कॉलोनी, भील कॉलोनी, शांति नगर, आजाद नगर, कोहिनूर कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनी में ज्यादातर एरिया में स्मार्ट मीटर लगाने का काम लगभग पूरा कर लिया है।



### 100 दिन में 28 हजार से ज्यादा मीटर लगाने का लक्ष्य किया पूरा

डेली कॉलेज विद्युत जोन से जुड़े अधिकारी सहायक यंत्री अभिनव सिंह और देवकरण चौधरी ने बताया आने वाले दिनों में बारिश का सीजन शुरू होने से पहले हमारा प्रयास है कि अगले 15 से 20 दिनों में शेष बचे लगभग 7 से हजार स्मार्ट मीटर लगाने का काम भी जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। विभाग के कर्मचारियों की टीम द्वारा लगातार स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। साथ ही विद्युत जोन से जुड़े अधिकारियों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने संबंधित कार्य की लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है। जिसके अंतर्गत विगत 100 दिन में डेली कॉलेज विद्युत जोन से जुड़े 35 हजार से ज्यादा कंज्यूमर वाले बड़े एरिया में 75 फीसदी से ज्यादा एरिया में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। वहीं आने वाले दिनों में शेष बचे स्थान पर भी जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा जिसको लेकर तैयारी एकदम अंतिम दौर में है।

# राजपूत समाज धर्मशाला और आगे पीछे की गलियों तक होगा सीमेंट कंक्रीट का कार्य

**इंदौर।** विधानसभा 2 के वार्ड क्रमांक 20 के अंतर्गत राजपूत धर्मशाला के आसपास एवं पीछे की गलियों में सड़क सुधार और नवनिर्माण के तहत सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य बारिश शुरू होने से पहले जाएगा। जिसके अंतर्गत धर्मशाला के आसपास और आगे पीछे सभी गलियों में लंबे समय से ऊबड़-खाबड़ सड़क के बजाय अब आने वाले दिनों में जल्द नई सड़क मजबूत सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारियां भी शुरू कर दी है। जिसके तहत अगले माह में जल्द काम भी शुरू हो जाएगा। यही नहीं इसके लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

### न्यू सूरज नगर की सड़कों पर आवश्यकता अनुसार होगा सुधार कार्य

इधर न्यू सूरज नगर और आसपास के क्षेत्र में जहां सड़क बनी हुई है वहां कई जगह खुदाई के कारण सड़क खराब और चलने लायक नहीं होने से वहां भी सुधार कार्य के तहत सीमेंटेड सड़क का बचे हुए स्थान पर निर्माण किया जाएगा। साथ ही आवश्यकता अनुसार सुधार कार्य भी किया जाएगा। इसको लेकर भी तैयारी हो गई है। इस काम को लेकर क्षेत्र के रहवासी और जनप्रतिनिधियों की मांग पर निगम ने टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यही नहीं इस काम पर निगम द्वारा 95 लाख से रूपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे।

## संपादकीय

### एक और एग्जाम, एक और खामी... कब सुधरेगी NTA की व्यवस्था?

CUET-UG में तकनीकी गड़बड़ियों के कारण हजारों छात्र और अभिभावक परेशान हुए, जिससे NTA की कार्यप्रणाली पर फिर सवाल उठे हैं। पहले NEET और अन्य परीक्षाओं में भी विवाद सामने आ चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल सुधारात्मक कदम काफी नहीं, बल्कि जवाबदेही और मजबूत रोकथाम व्यवस्था जरूरी है। एक और एग्जाम, एक और खामी - नैशनल टेस्टिंग एजेंसी के साथ यह कहानी बार-बार दोहराई जा रही है। CUET-UG में जिस तरह की अव्यवस्था देखने को मिली, वह हताश करने वाली है। सबसे ज्यादा निराशाजनक बात यह है कि एजेंसी अपने वादों पर खरी नहीं उतर पा रही और इससे उबरने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा।

**फिर से एग्जामः** देशभर के विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली ण्ळ्ऊ-ळ्उ में तकनीकी दिक्कतों की वजह से स्टूडेंट्स और उनके पैरंट्स घंटों परेशान रहे। कई जगह परीक्षा देरी से शुरू हुई और कई जगह हो ही नहीं पाई। ग्ऊँ ने 3765 स्टूडेंट्स के लिए दोबारा एग्जाम कराने की बात कही है। एजेंसी का गड़बड़ियों को स्वीकार करना ठीक है, लेकिन असली सवाल है कि ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है।

**सुप्रीम टिप्पणीः** पहले मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट रद्द करना पड़ा, क्योंकि पेपर लीक हो गए थे। इसके बाद ण्ँए के ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम को लेकर विवाद उठा। ये दोनों मामले अभी तक हल नहीं हुए थे और ण्ळ्ऊ-ळ्उ का मसला खड़ा हो गया। इससे एक दिन पहले, 29 मई को ही ऱ्ऊ-ळ्उ मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी और उसमें अदालत ने जो टिप्पणियां कीं, उन पर अमल करने की जरूरत है।

**बचाव के उपायः** NTA की तरफ से उठाए गए ज्यादातर कदम सुधारात्मक होते हैं, जिन पर ध्यान गड़बड़ी होने के बाद जाता है, जबकि जरूरत है पहले से बचाव के उपाय अपनाने की। इसके लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए और जो जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सकते, उन पर कार्रवाई हो। स्टूडेंट्स पर दबावः परीक्षा दोबारा करा देना, रीशेड्यूलिंग या ग्रेस मार्क वगैरह कभी-कभार तो ठीक हैं, लेकिन ये आदत नहीं बन सकते। किसी परीक्षा के लिए एक स्टूडेंट सालभर तैयारी करता है। जितना दबाव उस पर होता है, उतना ही उसके पैरंट्स पर भी।

**एक और मौकाः** NTA को बनाया गया था ताकि देश की प्रमुख परीक्षाएं व्यवस्थित ढंग से कराई जा सकें। अभी तक एजेंसी इसमें सफल नहीं हो पाई है। आरोप है कि स्टूडेंट्स की परेशानियों को ठीक से नहीं समझा जाता, खासकर सेंटर अलॉटमेंट में। केवल किसी तरह एग्जाम करा देने से NTA का काम पूरा नहीं हो जाता। इससे लाखों बच्चों का भविष्य जुड़ा है, तो संवेदनशीलता भी जरूरी है। 21 जून को NEET-UG दोबारा होनी है और एजेंसी का दावा है कि इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उम्मीद है यह काम कर जाए, क्योंकि छात्रों के भरोसे का बार-बार टूटना अच्छा नहीं है।

# ऑटो रिक्शा की किस्त मांगने घर पहुंचे फाइनेंस रिकवरी एजेंटों का उत्पात

## समय मांगने पर युवक को लात-घूसों से पीटा

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा एक ऑटो रिक्शा चालक के घर घुसकर मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। फरियादी ने जब रिक्शे की किस्त चुकाने के लिए कुछ दिनों की मोहलत मांगी, तो रिकवरी एजेंट भड़क गए। आरोपियों ने गुंडागर्दी करते हुए रिक्शा चालक की लात-घूंसों व थप्पड़ों से जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना चंदन नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहासा की है। यहां रहने वाले फरियादी लाखन पिता रणसिंह डोडिया पेशे से ऑटो रिक्शा चालक हैं और उन्होंने अपने वाहन के लिए फाइनेंस कराया हुआ है। लाखन जब अपने घर पर थे, तभी बजाज फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी अमित सोनी, अभिषेक और उनके कुछ अन्य साथी रिक्शे की बकाया किस्त की रिकवरी करने के लिए लाखन के घर पहुंचे। फरियादी लाखन ने पुलिस को बताया कि जब कर्मचारियों ने उनसे किस्त के रुपयों की मांग की, तो उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए शालीनता से कहा कि मैं अगले 15 से 20 दिनों के भीतर किस्त की राशि जमा कर दूंगा। लाखन की यह बात सुनते ही आरोपी अमित सोनी, अभिषेक और उनके साथी बुरी तरह भड़क गए। उन्होंने दादागीरी दिखाते हुए साफ लफ्जों में कहा कि किस्त तो अभी की अभी ही देनी पड़ेगी। जब लाखन ने दोबारा असमर्थता जताते हुए कहा कि इस समय उनके पास पैसे नहीं हैं, तो आरोपियों ने आपा खो दिया और लाखन को गालियां देना शुरू कर दिया। जब पीड़ित लाखन ने फाइनेंस कर्मियों को अपने घर के बाहर इस तरह गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपियों का दुस्साहस और बढ़ गया। सभी आरोपियों ने मिलकर लाखन को घेर लिया और सरेराह हाथ-थप्पड़ों और लात-घूसों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस अचानक हुई मारपीट में लाखन को शरीर पर कई जगह चोटें आईं। शोर-शराबा और हंगामा सुनकर जब आसपास के पड़ोसी और परिवार के लोग बीच-बचाव के लिए दौड़े, तो आरोपी किस्त न चुकाने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

## साइबर ठगों ने हैक किया युवक का मोबाइल बैंक खातों से उड़ाए 1.94 लाख रुपये, केस दर्ज

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। शातिर अज्ञात बदमाशों ने एक युवक का मोबाइल फोन हैक कर लिया और उसके अलग-अलग बैंक खातों में सेंध लगा दी। ठगों ने युवक के खातों से कुल 1 लाख 94 हजार 300 रुपये पार कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ऑनलाइन ठगी की यह वारदात सुखलिया क्षेत्र की है। सुखलिया निवासी फरियादी अंकित पिता अरुण गुप्ता के साथ यह धोखाधड़ी हुई है। गत 18 मई को अज्ञात साइबर अपराधियों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत अंकित का मोबाइल फोन रिमोट एक्सेस या किसी अन्य माध्यम से हैक कर लिया। मोबाइल हैक होते ही आरोपियों ने अंकित के फोन में मौजूद बैंकिंग ऐप्स और गोपनीय डेटा तक अपनी पहुंच बना ली। फरियादी अंकित ने पुलिस को बताया कि मोबाइल पूरी तरह से हैकर्स के नियंत्रण में जाने के बाद, आरोपियों ने उनके अलग-अलग बैंक अकाउंट्स से अवैध रूप से ट्रांजेक्शन शुरू कर दिए। शातिर ठगों ने अंकित के खातों से किश्तों में कुल 1,94,300 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए और धोखाधड़ी कर आर्थिक लाभ कमाया। जब अंकित को खातों से पैसे कटने के मैसेज मिले, तब जाकर उन्हें अपने साथ हुई इस बड़ी ठगी का अहसास हुआ। खातों से इतनी बड़ी रकम गायब होने के बाद पीड़ित अंकित गुप्ता तुरंत हीरानगर थाने पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



## वाहन सहित अवैध शराब जब्त

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब बेचने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बम्बई बाजार वृत्त की प्रभारी उपनिरीक्षक मीरा सिंह ने अर्जुनपुरा मल्टी और लुनियापुरा क्षेत्र में विशेष कार्रवाई की। टीम ने अमित पिता लालूराम साहू और हेमू पिता नंदलाल को पकडा और वाहन सहित 78 हजार 500 रु. की मदिरा जब्त की।

## ब्रेक लेने की सलाह देने पर भड़के युवक, ईंट मारकर सिर फोड़ा

**इन्दौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र के मल्हार मॉल स्थित मैकडॉनल्ड्स के सामने रात के समय युवकों के बीच हिंसक मारपीट का मामला सामने आया है। यहाँ एक युवक को उसके भाई के काम से ब्रेक लेने की सलाह देना भारी पड़ गया। विजयनगर पुलिस ने शिवशक्ति नगर निवासी घायल शुभम पिता दिनेश कुमार तिवारी की शिकायत पर निपानिया के रहने वाले दो सगे भाइयों जयंत वर्मा और गौरव वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी शुभम ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11.20 से 11.35 बजे के बीच उसने आरोपी जयंत से सामान्य लहजे में कहा था कि आपका भाई आया है, आप थोड़ा ब्रेक ले लो। इतनी सी बात पर जयंत भड़क गया और बोला कि तू ज्यादा तेज चलता है।शुभम ने जब कहा कि उसने यह बात अच्छे के लिए कही है, तो दोनों भाइयों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। विवाद के दौरान आरोपियों ने पास ही पड़ी ईंट उठाकर शुभम के सिर पर दे मारी, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। विजयनगर पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सोना-चांदी के आज के भाव

| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| --- | --- |
| 150200 | 154900 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 252500 | 266500 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## देर रात घर में आग लगाने की कोशिश विरोध करने पर मारपीट,चाकू मारा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में देर रात कुछ शातिर बदमाशों ने एक युवक के घर के बाहर लगे पर्दे में आग लगा दी, जिससे लपटें घर के भीतर तक पहुंच गईं। जब पीड़ित परिवार जान बचाकर बाहर निकला, तो बदमाशों ने सरेराह गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष के दौरान एक आरोपी ने युवक की जांघ पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, घटना परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के लालगली इलाके की है। यहां रहने वाले फरियादी सूरज ने पुलिस को बताया कि वे और उनका परिवार रात में घर के भीतर सो रहे थे तभी तड़के करीब 2:00 बजे क्षेत्र का शातिर बदमाश विट्ठू अपने अन्य साथियों के साथ उनके घर के बाहर पहुंचा। आरोपियों ने जानबूझकर सूरज के घर के मुख्य दरवाजे पर लगे पर्दे में आग लगा दी। पर्दा धूं-धूं कर जलने लगा और उसकी लपटें तेजी से घर के अंदर तक फैलने लगीं, जिससे घर में धुआं भर गया और हड़कंप मच गया। आग की लपटें और तपिश देखकर सूरज और उनके परिवार के लोग किसी तरह जान बचाकर घर से बाहर की तरफ भागे। बाहर आकर जब उन्होंने देखा तो वहां आरोपी विट्ठू निवासी गोहर नगर, परदेशीपुरा अपने साथी रोशन निवासी लसुड़िया, नन्कू निवासी गोहर नगर और सन्नी के साथ खड़ा था। घर से बाहर निकलते ही चारों आरोपियों ने सूरज और उनके परिजनों को देखते ही गालियां देना शुरू कर दिया। जब सूरज ने उन्हें रोका और गालियां देने से मना किया, तो चारों आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए। गाली-गलौज का विरोध करने पर चारों आरोपियों ने मिलकर सूरज को घेर लिया और उनके साथ लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी रोशन ने अपने पास छिपाकर रखा हुआ धारदार चाकू निकाला और सूरज की दाहिनी जांघ पर मार दिया। चाकू लगते ही जांघ से खून का फव्वारा फूट पड़ा और सूरज दर्द से चिल्लाते हुए जमीन पर गिर पड़े। बेटे को लहूलुहान देख जब परिजन और आसपास के पड़ोसी मदद के लिए चिल्लाए, तो चारों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले।

## महिला मित्र को लेकर विवाद, बातचीत के बहाने बुलाया, गर्दन पर मारा चाकू

**इन्दौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 स्थित बावड़ी हनुमान मंदिर के पीछे शनिवार रात कॉलेज छात्रों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। एक कॉमन महिला मित्र से दोस्ती की बात पर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। लसुड़िया पुलिस ने खातीपुरा सुखलिया निवासी घायल आर्यन पिता अमित मुकाती की शिकायत पर उसके कॉलेज दोस्त उज्जवल प्रजापत, शंकर शेखावत, शत्रु निवासी स्कीम 114 और अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी आर्यन ने पुलिस को बताया कि 30 मई की रात उसका उज्जवल से महिला मित्र को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उज्जवल ने उसे बातचीत के लिए मंदिर के पीछे बुलाया। आर्यन जब अपने दोस्त प्रिंस के साथ वहां पहुंचा, तो आरोपी उज्जवल और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी के दोस्त शंकर शेखावत ने चाकू निकालकर आर्यन की गर्दन पर दाहिनी तरफ वार कर दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# हम इतने रन बनाते तो जीत जाते फाइनल : गिल

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 का फाइनल मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच खेला गया, जिसे आरसीबी ने जीत लिया। इस खिताबी जीत के साथ आरसीबी की टीम ने दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम की। इस मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 155 रन बनाए थे और 156 रनों का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को आरसीबी ने 18 ओवर में ही हासिल कर लिया। आईपीएल 2026 का फाइनल मुकाबला हारने के बाद गुजरात टाइटंल के कप्तान काफी मायूस नजर आए।

हार के बाद शुभमन गिल ने कहा कि अगर हम 30 से 40 रन ज्यादा बनाते तब मुकाबले हमारे हाथ में था। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि अगर हम 180, 190 के करीब स्कोर कर लेते, तो यह एक अच्छा मैच होता। क्या पिच धीमी थी या दोहरी गति वाली इस सवाल पर गिल ने कहा सच कहूं तो



उतना नहीं। थोड़ा-बहुत तो था। हमने देखा है कि जब भी हम खेलते हैं, पहले तीन-चार ओवरों में तेज गेंदबाजों को थोड़ी बहुत स्विंग मिलती है। शुभमन गिल ने इस मैच में मिली हार का जिम्मेदार अपने बल्लेबाजों को करार दिया। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा हमने शुरुआत में ही कुछ विकेट गंवा दिए और फिर बीच में हमारी लय बिगड़ गई, हम ठीक से खेल नहीं पाए। लेकिन हमें पता था कि हम फाइनल खेल रहे हैं। गिल ने कहा 150, 160, अगर हमें पावरप्ले में कुछ शुरुआती विकेट मिल जाते, तो हम हमेशा मैच में बने रहते। लक्ष्य का पीछा करते हुए जल्दी विकेट न मिलने पर गिल ने कहा हां, मुझे लगता है कि पावरप्ले में 15-20 रन ज्यादा बन गए। अगर हम उन्हें 50-55 रनों के आसपास रोक लेते, तो हमारे पास अभी भी मौका था। लेकिन मुझे लगता है कि पावरप्ले में वे थोड़ा ज्यादा रन बनाने लगे। इस सीज़न में टीम के सुधार पर बात करते हुए गिल ने कहा मुझे लगता है कि हम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी टीमों में से एक थे। शुरुआती दो मैच हारने के बाद जिस तरह से हमने टूर्नामेंट में वापसी की, लगातार बातचीत करते रहे, खुद को आगे बढ़ाते रहे, अलग-अलग क्षेत्रों में खुद को चुनौती देते रहे और उन 5 प्रतिशत सुधारों को जारी रखा।

फाइनल में हार के बावजूद पूरे अभियान पर बात करते हुए गिल ने कहा हां, बिल्कुल, आप जानते हैं, बहुत खुश हूं। हम जीत हासिल नहीं कर सके, लेकिन आप जानते हैं, हमेशा ऐसी चीजें होती हैं जिनमें सुधार किया जा सकता है। और अगर हम ट्रॉफी जीत भी जाते, तब भी ऐसी चीजें थीं जिन पर हमें एक समूह के रूप में काम करने की जरूरत महसूस हुई।

# रातभर चला आरसीबी का जश्न

## होटल पहुंचते ही सिर पर ट्रॉफी रख ढोल पर नाचे विराट और क्रुणाल

**अहमदाबाद ।** आईपीएल 2026 का चमचमाता खिताब जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खेमे में जश्न का माहौल है। गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गवाह पूरा नरेंद्र मोदी स्टेडियम बना, लेकिन असली पार्टी तो मैच खत्म होने के बाद टीम होटल में शुरू हुई। खिताबी जीत के बाद जब आरसीबी की टीम देर रात अपने होटल पहुंची, तो वहां खिलाड़ियों का किसी हीरो की तरह भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान टीम के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के डांस और भांगड़े ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है।



आरसीबी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर टीम के होटल पहुंचने का एक बेहद खूबसूरत वीडियो शेयर किया है। वीडियो में दिख रहा है कि होटल के लॉबी में खिलाड़ियों के स्वागत के लिए ढोल-नगाड़ों का पूरा इंतजाम था। जैसे ही टीम अंदर दाखिल हुई, क्रुणाल पंड्या के हाथों में आईपीएल की चमचमाती ट्रॉफी थी। जीत के उत्साह में डूबे क्रुणाल ने ट्रॉफी को अपने सिर पर उठा लिया और ढोल की थाप पर जबरदस्त भांगड़ा करना शुरू कर दिया। क्रुणाल का यह बेफिक्र और जोशीला अंदाज देखकर वहां मौजूद होटल स्टाफ और बाकी खिलाड़ी भी झूम उठे।

जश्न का रोमांच तब और बढ़ गया जब मैच के हीरो रहे किंग विराट कोहली भी खुद को रोक नहीं पाए। कोहली तुरंत क्रुणाल पंड्या के पास पहुंचे और उनके साथ कदम से कदम मिलाकर भांगड़ा करने लगे। विराट और क्रुणाल की यह जुगलबंदी और दोनों के चेहरे की खुशी यह बयां करने के लिए काफी थी कि इस बैक-टू-बैक खिताबी जीत के मायने पूरी टीम के लिए क्या हैं। आरसीबी ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए एक बेहद मजेदार और सटीक कैप्शन लिखा, सेलिब्रेशन रूकेगा नहीं' । यह वीडियो पोस्ट होते ही एक्स और इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो गया है और आरसीबी के फैंस इसे जमकर शेयर कर रहे हैं।

# निर्माणाधीन मकान से गिरकर मजदूर की मौत

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान ऊंचाई से गिरकर एक मजदूर की असमय मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा लसूडिया थाना क्षेत्र के देवास नाका क्षेत्र में हुआ। मृतक की पहचान गोलू पिता राजाराम (32) निवासी वृंदावन कॉलोनी, देवास नाका के रूप में हुई है। गोलू पेशे से मजदूर था और क्षेत्र में ही एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। काम के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह ऊंचाई से सीधे नीचे आ गिरा। ऊंचाई से गिरने के कारण गोलू को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद साथी मजदूर और ठेकेदार उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर लसूडिया थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## म्यूजिक ग्रुप का गीत-संगीत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राग-ए-महफिल म्यूजिक ग्रुप द्वारा इंदौर प्रेस क्लब में गीत संगीत की महफिल सजाई गई। विनेश खरे, रमेश कुशवाह, मयंक थनवार ने बताया कि विनेश खरे, मंजू चौहान, रमेश कुमशवाह, अनुमति शर्मा, महेन्द्र श्रीवास्तव, संतोष कमलेश चौहान, अश्विनी दीपक, सुभाष पालीवाल, नवीन घोड़पकर, डॉ. विनोद रघुवंशी, राकेश चिंतामण, डॉ. किशोर राठौड़, आशीष श्रीवास्तव, मुकेश सांगवी ने प्रस्तुति दी।

# शराबी की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** शेरसिंह पिता उमेश सिंह 45 साल निवासी उज्जैन नाका बाणगंगा को परिजन बेहोशी की हालत में बड़े अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि शेरसिंह शराब पीने का आदी था। प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक की आशंका बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# मजदूरी के रुपए मांगने पर ठेकेदार ने लोहे की रॉड से किया हमला

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के नरवल स्थित कृष्णा प्लास्टिक कंपनी में पुरानी मजदूरी के पैसे मांगना दो मजदूरों को बेहद महंगा पड़ गया। पैसे देने के बजाय ठेकेदार ने अपने साथी के साथ मिलकर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दोनों मजदूरों को लहूलुहान कर दिया।

बाणगंगा पुलिस ने भवानी नगर निवासी घायल मजदूर नरेंद्र पिता ऋतुराज चौहान।की शिकायत पर आरोपी ठेकेदार राजेश निगम और उसके साथी बिरजू के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि जब उसने ठेकेदार राजेश से अपनी पुरानी मजदूरी के बकाया रुपए मांगे, तो आरोपी आगबबूला हो गया। राजेश अपने साथी बिरजू के साथ कंपनी परिसर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए नरेंद्र के सिर पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। अपने दोस्त को बचाने जब दूसरा मजदूर चंदर (पिता हरिसिंह भाटी) बीच-बचाव करने आया, तो आरोपियों ने उसकी भी बेरहमी से पिटाई कर सिर पर रॉड मार दी।

## ड्रिंक एण्ड ड्राइव चैकिंग में आयशर पर कार्रवाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छत्रीपुरा पुलिस ने धार रोड पर ड्रिंक एण्ड ड्राइव को लेकर विशेष चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने आयशर क्रमांक एमपी 20 झेडएफ 6370 को रोका और चालक की ब्रिथ एनेलाइजर लगाकर चैकिंग की, जब चालक नशे में पाया गया तो पुलिस ने आयशर को छत्रीपुरा थाना पहुंचाया। आयशर उड़ीसा जा रही थी। चालक वाहन को थाना पर खड़ा कर भाग निकला।



# जैन संत को भेंट किया श्रीफल



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुनि श्री सुधासागर म.सा. से इंदौर के दिगम्बर जैन समाजजनों ने कल आशीर्वाद लिया और उनको श्रीफल भेंट कर इंदौर में चातुर्मास के लिए आग्रह किया। हर्ष जैन, नवीन गोधा, विजय पाटोदी, अर्पित पाटोदी, आनंद सहित अन्य मौजूद थे। उक्त जानकारी राजेश जैन ने दी।

# पालीवाल समाज ने किया कार्तिक का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी ने धावक कार्तिक जोशी और साइक्लिस्ट प्रीति खंडेलवाल का सम्मान किया। आज राजवाड़ा पर सुबह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी कार्तिक जोशी का सम्मान किया था। कार्तिक कारगिल से कन्याकुमारी तक 4200 किलोमीटर की दौड़ के लिए निकले हुए हैं। राकेश जोशी, भोलीराम पुरोहित, ललित पुरोहित, वासुदेव पुरोहित, हीरालाल जोशी, हरलाल पालीवाल, रोहित पालीवाल सहित अन्य मौजूद थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, मल्हारगंज क्षेत्र इन्दौर म.प्र.**
कोर्ट रूम नं0 104-105 प्रथम तल संयुक्त तहसील कार्यालय, सुपर कोरिडोर पर रेल्वे ब्रिज के पास टिगरिया बादशाह जिला इंदौर)
क्रमांक 331/प्रवाचक/2026 इन्दौर दिनांक 29/05/2026

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री विवेक कुमार सिंह पिता नन्दलाल सिंह निवासी फ्लेट नं. 402 'लोटस बिल्स' दिव्य विहार कॉलोनी ग्राम जाख्या इन्दौर म.प्र. द्वारा श्री अमित जैन पिता श्री राजेन्द्र कुमार जैन व स्वाति जैन पति अमित कुमार सिंह निवासी अमित विला मकान न. 86 इंद्रा नगर नहर रोड वार्ड नम्बर 26 शाजापुर से ग्राम जाख्या तहसील मल्हारगंज जिला इंदौर स्थित भूमि सर्वे नम्बर 37/1 व अन्य पर विकसित कॉलोनी 'दिव्य विहार' के भूखण्ड क्र. एम आर-4 पर निर्मित बहुमंजिला भवन 'लोटस बिल्स' के प्रकोष्ठ 402 चतुर्थ मंजिल जिसका बिल्डअप एरिया 833 वर्गफीट (77.41 वर्गमीटर) क्रय किया। जिसके नामांतरण हेतु म.प्र. प्रकोष्ठ स्वामित्व नियम 2019 प्ररूप-ग नियम 7 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी भी संस्था व व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/06/2026 के पूर्व इस न्यायालय के समक्ष स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से मय प्रमाण दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मल्हारगंज क्षेत्र इन्दौर

## 18 सालों में जो नहीं हुआ, वो आईपीएल 2026 में हो गया

# बने 10 बड़े रिकॉर्ड

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल का 19वां सीजन रविवार 31 मई को खत्म हो गया और इस बार के टूर्नामेंट ने कई बड़े रिकॉर्ड्स पर पानी फेर दिया। आईपीएल के 18 साल के इतिहास में जो नहीं हुआ था, वह 19वें साल में जाकर होता चला गया। रनों से लेकर विकेट और छक्कों से लेकर शतकों तक सब कुछ एक ही सीजन में देखने को मिला। बात चाहे टीमों की हो या फिर व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स की। आईपीएल 2026 में सब कुछ धराशायी होता चला गया। आईपीएल 2026 के खत्म होने के बाद जान लीजिए कि कौन-कौन से 10 बड़े रिकॉर्ड इस सीजन बने और टूटे।




आईपीएल के एक सीजन में कभी भी इतने रन नहीं बने, जितने इस सीजन बने। कुल 27450 रन आईपीएल 2026 में बने, जो किसी भी एक सीजन में सबसे ज्यादा हैं। एक विकेट के लिए सबसे ज्यादा रन खर्च इसी सीजन हुए हैं। 31.26 का औसत इस साल विकेट लेने के मामले में रहा है। इसका मतलब है कि 31 से ज्यादा रन खर्च करने के बाद गेंदबाजों को एक विकेट मिला है। गेंदबाजों ने इस सीजन सबसे तेज गति से रन दिए हैं। रन रेट प्रति ओवर इस सीजन 9.88 रहा है, जो किसी भी सीजन से ज्यादा है।

आईपीएल के एक सीजन में कभी भी 2332 चौके नहीं लगे, लेकिन इस सीजन ऐसा हुआ है, जबकि सबसे ज्यादा छक्के भी इसी सीजन लगे हैं। 1426 छक्के आईपीएल 2026 में लगे हैं, जो किसी अन्य सीजन से काफी ज्यादा हैं। साथ ही साथ आईपीएल में इस बार 15 शतक बल्लेबाजों ने जड़े हैं, जो अन्य किसी भी आईपीएल सीजन से ज्यादा रहे हैं। आईपीएल रनों के लिहाज से बहुत ही ज्यादा विशाल रहा है, क्योंकि 200 से ज्यादा के टोटल इस सीजन 65 बार बने हैं, जो कि किसी भी सीजन में नहीं बने। इतना ही नहीं, एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 200 या इससे ज्यादा के टारगेट भी इसी सीजन चेज हुए हैं। 17 बार ऐसा देखने को मिला है, जब 200 से ज्यादा का टारगेट चेज हुआ है।

आईपीएल 2026 में एक बल्लेबाज द्वारा एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगने का रिकॉर्ड भी इसी सीजन बना है। 72 छक्के वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से निकले हैं, जो किसी भी एक सीजन में एक बल्लेबाज के सबसे ज्यादा छक्के हैं। इसके साथ-साथ एक सीजन में पहली बार तीन बल्लेबाजों ने 700-700 से ज्यादा रन बनाए हैं। अभी तक एक सीजन में दो ही बल्लेबाज ऐसा कर पाए थे, लेकिन 2026 में ऐसा 3 बल्लेबाजों ने किया है। इनमें वैभव सूर्यवंशी, शुभमन गिल और साई सुदर्शन का नाम शामिल है।

### आईपीएल 2026 में बने ये 10 बड़े रिकॉर्ड

1. एक एडिशन में सबसे ज्यादा रनः 27450
2. एक एडिशन में सबसे ज्यादा रन/विकेटः 31.26
3. एक एडिशन में सबसे ज्यादा आरपीओ : 9.88
4. एक एडिशन में सबसे ज्यादा चौकेः 2332
5. एक एडिशन में सबसे ज्यादा छक्केः 1426
6. सबसे ज्यादा व्यक्तिगत शतकः 15
7. सबसे ज्यादा 200-प्लस टोटलः 65
8. सबसे सफल 200-प्लस चेज़ः 17
9. सबसे ज्यादा व्यक्तिगत छक्केः 72
10. 700+ रन 3 खिलाड़ियों ने बनाए

## इंदौरी रजत की चमक और बढ़ी, लगातार दूसरी बार जीताया आरसीबी को

**अहमदाबाद।** रजत पाटीदार की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। आरसीबी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) को पांच विकेट से रौंदा। जीटी ने फाइनल में 156/8 का स्कोर खड़ा किया और आरसीबी 12 गेंद बाकी रहते 161 रन जोड़कर चैंपियन बन गई। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 42 गेंदों में नाबाद 75 रनों की पारी खेली, जिसमें 9 चौके और तीन छक्के हैं। रजत ब्रिगेड ने पिछले साल फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल ट्रॉफी का सूखा समाप्त किया था। आरसीबी ने अब खिताब डिफेंड कर नायाब क्लब में एंट्री मारी है। आरसीबी चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बाद ट्रॉफी डिफेंड करने वाली तीसरी टीम है। लगातार दूसरी ट्रॉफी जीतने के बाद पाटीदार ने एक खरा सच बोला है। ट्रॉफी जीतने के बाद कप्तान पाटीदार ने कहा, बहुत अच्छा लग रहा है। जब हम यहां (अहमदाबाद) आए तो पिछले साल की बहुत सारी यादें ताजा हो गईं। मेरे पास बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं लेकिन बहुत अच्छा लग रहा है। प्लानिंग स्पष्ट थी और टॉस जीतकर चेज करना आसान था। जिस तरह से भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, रासिख सलाम, क्रुणाल पांड्या, सुयश शर्मा और रोमारियो शेफर्ड ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छी बॉलिंग की। पाटीदार से जब आरसीबी की कप्तानी करने और लगातार दो खिताब जीतने के सफर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ईमानदारी से बताऊं तो मैंने कभी आरसीबी का कप्तान बनने और ट्रॉफी उठाने का सपना नहीं देखा था। यह सबकुछ लिखा हुआ था। इसके लिए शुक्रगुजार हूं। हम पिछले साल के मुकाबले थोड़े ज्यादा कॉन्फिडेंट थे।



### न्यूज इन बॉक्स

## राधिका ने जीता कराते स्पर्धा में कांस्य मेडल



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व कराते महासंघ के सानिध्य में नेपाल खेल प्राधिकरण के सहयोग से एवं नेपाल कराते महासंघ के तत्वाधान में 29 मई से काठमांडू नेपाल में आयोजित की जा रही है। महू जिले की कोदरिया ग्राम के दो खिलाडी राधिका पंचोले और राधिका पटेल ने अच्छा प्रदर्शन किया। राधिका पंचोले ने नॉक आउट में बांग्लादेश को हराकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। कोच अमय लश्करी है। राधिका को कई समाजजनों और कराटे के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बधाई दी।

## आईपीएल 26 में पांच खिताब जीतने वाले वैभव ने कहा अब मैं दूध नहीं पीता

**अहमदाबाद ।** वैभव सूर्यवंशी भले ही आईपीएल 2026 फाइनल के लिए मैदान पर नहीं थे, लेकिन फाइनल खत्म होने के बाद वे मैदान पर आए और उन्होंने एक या दो नहीं, बल्कि पांच अवॉर्ड अपने नाम किए। राजस्थान रॉयल्स का सफर क्वालीफायर 2 में समाप्त हो गया था। बावजूद इसके वैभव सूर्यवंशी ने कई बड़े अवॉर्ड्स पर कब्जा किया। सबसे ज्यादा छक्के जड़ने की बात हो, सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने की बात हो, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन बनने की बात हो, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीतने की बात हो या फिर सबसे अच्छा स्ट्राइकरेट सीजन में रखने की बात हो, वैभव सूर्यवंशी ने सारे अवॉर्ड अपनी झोली में डाले और फिर कहा कि उन पर इस बात का दबाव है कि उन्हें इंटरव्यू देना है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि वह अब दूध नहीं पीते।

मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर ऑफ द सीजन और ऑरेंज कैप समेत कई अवॉर्ड जीतने वाले वैभव सूर्यवंशी से पूछा गया कि इतने अवॉर्ड्स जीतकर कैसा महसूस हो रहा है? इस पर वैभव ने कहा, अच्छा लग रहा है, लेकिन थोड़ा सा दबाव भी है



कि मैं यहां इंटरव्यू के लिए हूं, लेकिन हां, यह एक गर्व करने वाला पल है। मैं अगले सीजन में और भी बेहतर करने की कोशिश करूंगा।

दबाब, बेखौफ बैटिंग और दूध पीने को लेकर वैभव ने कहा, मैं अब दूध नहीं पीता, लेकिन हां, मैं अपने गेम की बात करूं तो मुझे लगता है कि अगर पहली गेंद मेरे जोन में है तो मैं उसे हिट करूंगा। मैं पूरी तरह से उस गेंद पर जाऊंगा और उसे मारने की कोशिश करूंगा। इस सीजन से उन्हें क्या सीखने को मिला? इसके बारे में वैभव ने बताया, इस सीजन में, मैंने सीखा कि प्रेशर सिचुएशन में कैसे खेलना है और हालात के हिसाब से अपना गेम कैसे बदलना है। आप हर गेम एक ही माइंडसेट के साथ नहीं खेल सकते। आपको गेम की सिचुएशन को समझना होगा और टीम की जरूरत के हिसाब से खेलना होगा। मैंने इसके बारे में बहुत कुछ सीखा, प्लेऑफ गेम्स में भी।

अपनी फिटनेस को लेकर 15 साल के वैभव बोले, मुझे इस पर बहुत ध्यान देना होगा, क्योंकि मैं लंबे समय तक खेलना चाहता हूं। मुझे चोटों और ऐसी चीजों से बचना है, इसलिए मुझे अपनी फिटनेस पर काम करना होगा और आगे और भी ज्यादा ध्यान देना होगा। राजस्थान रॉयल्स से मिले सपोर्ट पर वैभव सूर्यवंशी ने कहा, सब लोग बहुत सपोर्टिव हैं और वहां सब मेरा साथ देते हैं। सभी सीनियर खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ मेरा बहुत साथ देते हैं, और मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है, क्योंकि इन खिलाड़ियों ने बहुत ऊंचे लेवल पर परफ़ॉर्म किया है। इसलिए यह सच में एक बहुत अच्छा माहौल है।

# यह वो चीज है जिसका आप सपना देखते हैं : विराट

**अहमदाबाद।** विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल 2026 का खिताब जीताने में नायक रहे। पूरे सीजन उन्होंने कमाल की बल्लेबाजी की। फाइनल में भी उनका बल्ला जमकर बोला। 156 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए चेज मास्टर विराट कोहली ने 75 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें इस मैच विनिंग नॉक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। यह पहला मौका नहीं था जब कोहली ने किसी खिताब मुकाबले में ऐसी दमदार पारी खेली हो, मगर उन्होंने आईपीएल 2026 में विनिंग शॉट लगाकर अपना 19 साल पुराना सपना पूरा किया। इसका खुलासा खुद विराट कोहली ने मैच के बाद किया है।

विराट कोहली ने मैच के बाद कहा, यह वो चीज है जिसका आप सपना देखते हैं।



मैंने इस पल के बारे में कई बार सोचा है, कि जब हम आईपीएल जीतेंगे, तो विनिंग रन मारने के बाद मुझे वहीं खड़ा होना चाहिए। आज यह मुमकिन हो गया। मैच में आते हुए हम बहुत रिलैक्स महसूस कर रहे थे और इस बात को लेकर बहुत कॉन्फिडेंट थे कि हम अपना क्रिकेट कैसे खेलना चाहते हैं और हमारी टीम कैसी है। इससे आपको किसी भी तरह की सिचुएशन को पार करने का कॉन्फिडेंस मिलता है। चेज में, मैं वहां बहुत कंफर्टेबल महसूस कर रहा था, मुझे ठीक-ठीक पता था कि मुझे क्या करना है।

यह मोमेंट 2011 वर्ल्ड कप फाइनल में एमएस धोनी के आइकॉनिक स्टाइल में फिनिश करने वाले मोमेंट की याद दिलाता है, बस इस बार यह इंडियन प्रीमियर लीग में आया, एक ऐसा टूर्नामेंट जहां कोहली 19 साल तक एक ही फ्रेंचाइजी के प्रति लॉयल रहे हैं। इतने सालों तक मजाक और निराशा के बीच, जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बार-बार पीछे रह गई, कोहली अपने मकसद के लिए कमिटेड रहे। अब आरसीबी ने बैक टू बैक दो खिताब जीतकर दुनिया को बता दिया कि वह किस दर्जे की टीम है। विराट कोहली ने आईपीएल 2026 फाइनल में जीटी के खिलाफ अपने आईपीएल करियर की भी सबसे तेज हाफ सेंचुरी 25 गेंदों पर लगाई। उन्होंने कहा, खेल की यही डिमांड है। मेरा मतलब है, आपके पास ये, आप जानते हैं, सुपर यंग प्लेयर्स हैं जो आपको हर समय पुश करते हैं।

# बड़ी वारदात की फिराक में घूम रहा शातिर बदमाश गिरफ्तार

## देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और बाइक जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कनाडिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक बड़ी वारदात को होने से पहले ही टाल दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर एक ऐसे युवक को दबोचा है, जो किसी गंभीर घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से इलाके में हथियार लेकर घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल जब्त की है।**





थाना कनाडिया पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वाले, चाकूबाजों और आदतन अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस टीम को क्षेत्र में पैनी नजर रखने और संदिग्धों की धरपकड़ के सख्त निर्देश दिए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस को यह सफलता हाथ लगी। पुलिस के अनुसार, कनाडिया पुलिस टीम को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि इंदौर पब्लिक स्कूल ईस्टर्न कैंपस के सामने स्थित खाली मैदान के पास एक संदिग्ध युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नीयत से अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए तत्काल मौके पर पहुंचकर चारों तरफ से घेराबंदी की और संदेही को हिरासत में ले लिया। पुलिस कस्टडी में लेकर जब आरोपी की तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक अवैध देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनिकेत पिता भैरूसिंग चौहान निवासी सब्जी मंडी के सामने, बंगाली कॉलोनी, खजराना बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध हथियार के साथ ही वारदात में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल भी जब्त की है। कनाडिया थाना पुलिस ने आरोपी अनिकेत चौहान के खिलाफ अवैध हथियार रखने के जुर्म में आर्म्स एक्ट की प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया है।

## सहेलियों ने कैफे के बाहर बाल पकड़कर पीटा, नुकीले हथियार और ज्यूस की बोतल से किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**एमआईजी थाना क्षेत्र में उज्जैन की रहने वाली एक युवती पर उसकी ही पुरानी सहेलियों ने श्रीमाया होटल के पास स्थित एक कैफे के बाहर हमला कर दिया। पुरानी रंजिश के चलते हुए इस विवाद में आरोपियों ने युवती को लात-घूंसों से पीटने के साथ ही नुकीले हथियार और ज्यूस की खाली बोतल से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन नामजद युवतियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**



पुलिस के अनुसार, घटना श्रीमाया होटल के पास स्थित सरपंच कैफे के बाहर की है। मूल रूप से चिंतामण गणेश मंदिर के पास, उज्जैन की रहने वाली 19 वर्षीय फरियादी आरूही रघुवंशी पिता सिद्धनाथ रघुवंशी वर्तमान में इंदौर के नेहरू नगर में रह रही हैं। आरूही जब कैफे के पास थीं, तभी वहां उनकी पुरानी सहेलियां आ धमकीं और उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। आरूही ने पुलिस को बताया कि वहां उनकी पुरानी दोस्त वैष्णवी लोधी निवासी सुंदर नगर, नेहा और अक्छु अचानक आईं। तीनों युवतियां पुरानी किसी बात या विवाद को लेकर आरूही से बहस करने लगीं और देखते ही देखते गालियां देने लगीं। जब आरूही ने गाली-गलौज करने से मना किया और वहां से जाने लगीं, तो तीनों आरोपियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने आरूही पर हमला कर दिया।तीनों युवतियों ने आरूही को दबोच लिया और उनके बाल पकड़कर सड़क पर खींचते हुए लात-घूंसों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसी झूमाझटकी के बीच आरोपी वैष्णवी लोधी ने अपने पास रखी किसी नुकीली चीज से आरूही पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। यह नुकीली चीज आरूही के दाहिने हाथ की बीच वाली उंगली, बाएं हाथ की हथेली और दाहिने गाल पर लगी, जिससे गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। इतने पर भी जब मन नहीं भरा, तो दूसरी आरोपी नेहा ने पास में पड़ी ज्यूस की एक खाली कांच की बोतल उठाई और पूरी ताकत से आरूही के सिर पर मार दी। कैफे के बाहर युवतियों के बीच हो रहे इस हिंसक विवाद और चीख-पुकार को सुनकर आसपास के लोग और कैफे का स्टाफ बीच-बचाव के लिए दौड़ा। भीड़ को अपनी तरफ आते देख आरोपी वैष्णवी, नेहा और अक्छु आरूही को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकलीं।

## रात के अंधेरे में ऑटो रिक्शा चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

## दो ऑटो जब्त, शौक पूरे करने के लिए देता था वारदात को अंजाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना थाना क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर ऑटो रिक्शा चोर को गिरफ्तार किया है, जो अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वारदातें करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दो ऑटो रिक्शा जब्त की हैं।

खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव द्वारा रिंग रोड से लगी आउटर कॉलोनियों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, रहवासी सोसायटियों और मल्टियों में लगातार हो रही चोरी व नकबजनी की वारदातों को रोकने के संबंध में विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम को क्षेत्र में सक्रिय संदिग्धों और आदतन अपराधियों पर नजर रखकर उन्हें राउंडअप करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। इसी दौरान पुलिस को इस शातिर वाहन चोर को दबोचने में सफलता मिली। पुलिस के अनुसार, गत 27 मई को फरियादी मोइनुद्दीन खान पिता हुसैनुद्दीन खान निवासी सुपर पैलेस कॉलोनी, खजराना ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया था कि 26 मई की रात करीब



11:30 बजे उन्होंने अपना पैसेंजर ऑटो रिक्शा घर के सामने खड़ा किया था। इसके बाद वे सोने चले गए और जब अगली सुबह वापस आकर देखा, तो ऑटो रिक्शा उस स्थान पर नहीं था। फरियादी की रिपोर्ट पर खजराना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था।

### सैकड़ों सीसीटीवी खंगाले, स्टार चौराहे के पास घेराबंदी कर पकड़ा

मामले की तफ्तीश के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास के इलाकों में लोगों के घरों व दुकानों पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी का हुलिया और रूट ट्रैक किया। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि सीसीटीवी फुटेज से मिलता-जुलता संदेही स्टार चौराहे के पास एमआर-10 रोड पर एक सुनसान जगह पर खड़ा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। पुलिस को अपनी तरफ आता देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पुलिस कस्टडी में पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम फरीद पिता चांद खान (उम्र 28 साल, निवासी मदीना मस्जिद के पास, चंदन नगर, इंदौर) बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी केवल कक्षा 5वीं तक पढ़ा-लिखा है और आम दिनों में मजदूरी का काम करता है। आरोपी फरीद ने कुबूल किया कि वह अपने शौक पूरे करने के लिए रात के अंधेरे का फायदा उठाता था और सुनसान जगहों से ऑटो रिक्शा चोरी करता था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई दो ऑटो रिक्शा (क्रमांक एमपी-09 आरए 7551 और क्रमांक एमपी-09 आए 5967) जब्त कर ली हैं। फिलहाल पुलिस टीम आरोपी से इंदौर के अन्य थाना क्षेत्रों और आसपास के जिलों में हुई वाहन चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में भी कड़ाई से पूछताछ कर रही है, जिससे कई अन्य खुलासे होने की उम्मीद है।

## मायके आयी महिला ने लगाई फांसी, मौत

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। महिला अलीराजपुर से इंदौर स्थित अपने मायके आई हुई थी, जहां उसने यह कदम उठाया। मृतका ने किन कारणों के चलते फांसी लगाई, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। घटना लसूडिया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 136 की है। मृतका का नाम दीपिका पति दिलीप (32) निवासी अलीराजपुर है। दीपिका कुछ समय पहले ही इंदौर के स्कीम नंबर 136 अपने मायके आई हुई थी। इसी दौरान अज्ञात कारणों के चलते उन्होंने मायके में ही फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिवार के लोगों ने जब दीपिका को फंदे पर झूलते देखा तो उनके होश उड़ गए और घर में चीख-पुकार मच गई। परिजन उसे मृत हालात में अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, प्राथमिक तौर पर घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या की वजह साफ हो सके। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## शराबखोरी और पुरानी रंजिश में चले चाकू, 3 युवक घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के जनता क्वार्टर स्थित सांची पॉइंट के सामने बीती देर रात शराबखोरी और पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों तरफ से चले चाकुओं में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परदेशीपुरा पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ हमले का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।







पुलिस के मुताबिक, पहले पक्ष से जयेश संकट की रिपोर्ट पर आरोपी कृष्णा उर्फ कालू मराठा, गोल्डी सरदार और विनोद उर्फ पन्नू जादौन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जयेश ने बताया कि तीनों आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर मंगू सरदार उर्फ राजदीप को घेरा और जान से मारने की नीयत से चाकू से गोद दिया, जिससे उसके सिर, चेहरे और हाथों पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए जयेश के पैर में भी आरोपियों ने चाकू मार दिया। वहीं, दूसरे पक्ष से घायल विनोद उर्फ पन्नू जादौन की रिपोर्ट पर पुलिस ने मंगू सरदार और जयेश संकट के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विनोद का आरोप है कि रात में आरोपियों को सांची पॉइंट के सामने शराब पीने से टोकने पर आरोपियों ने विवाद किया और जेब से चाकू निकालकर विनोद के गले पर वार कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच में जुट गई है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।